हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025




# तीन जिलों के साढ़े सात सौ अफसरों की बैठक, ग्रेडिंग सिस्टम से होगी कार्य की मॉनिटरिंग

## दुर्ग संभाग के सहायक संचालक हेमंत उपाध्याय ने ली बैठक, शिक्षा व्यवस्था सुधारने कई निर्देश भी दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले राजनांदगांव, केसीजी और एमएमसी जिले में शिक्षा व्यवस्था में सुधार और उसकी मॉनिटरिंग के लिए ग्रेडिंग सिस्टम की शुरूआत की जा रही है। इन जिलों के डीईओ सहित करीबन साढ़े सात सौ अन्य अफसरों की दुर्ग शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक की बैठक ली। इसके अलावा लक्ष्य एक दुर्ग संभाग श्रेष्ठ अभियान की शुरूआत की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग शिक्षा संभाग के संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय ने शहर स्थित ऑडोटोरियम में एक मैराथन बैठक ली। इस बैठक में राजनांदगांव, केसीजी और एमएमसी जिले के जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक, सहायक जिला परियोजना अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित 750 अफसर उपस्थित रहे। इस दौरान सभी सरकारी स्कूलों में बाल देवो भवः सूक्ति एवं प्राचार्य व अन्य अफसरों के आसान समीप 18 सितंबर से पहले तक लक्ष्य एक-दुर्ग संभाग श्रेष्ठ लिखवाने के निर्देश दिए गए हैं। यह बैठक लगभग चार घंटे तक चली। इस दौरान कई अहम विषयों पर चर्चा कर निर्देश जारी किए गए हैं।

### हर सप्ताह तीन दिन निरीक्षण

बैठक में यह भी कहा गया कि सभी विद्यालय का नियमित निरीक्षण संकुल समन्वयक, बीईओ और डीईओ द्वारा किया जाए। हर सप्ताह तीन दिन में दो-दो स्कूलों का निरीक्षण करने कहा गया है। इस दौरान शिक्षकों की उपस्थिति, उनकी तैयारी और कक्षा संचालन की मॉनिटरिंग की जाएगी। विद्यालय परिसर की स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और शिक्षण सामग्री की उपलब्धता भी देखने कहा गया है।



### हर स्टेप पर ग्रेडिंग

संकुल समन्वयक द्वारा किए गए निरीक्षण एवं अन्य कार्य का प्रतिवेदन प्रतिदिन बीईओ को भेजना अनिवार्य रखा गया है। इस आधार पर उस पर कार्रवाई प्रस्तावित कर संकुल समन्वयकों की बीईओ ग्रेडिंग करेंगे। बीईओ, जिला मिशन समन्वयक, सहायक जिला परियोजना अधिकारी सहित अन्य को प्रतिदिन अपना प्रतिवेदन सहायक संचालक द्वारा बनाए गए वाट्सएप ग्रुप में भेजने कहा गया है। इनकी ग्रेडिंग जिला स्तर से की जाएगी। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिवेदन बनाकर संभागीय सहायक संचालक को भेजा जाएगा। जिसके आधार पर उनकी संभाग से ग्रेडिंग होगी। खराब ग्रेडिंग वाले अफसरों को सुधार के निर्देश दिए जाएंगे।

### लगेगी विशेष क्लास

जीडी ने यह भी कहा कि कमजोर बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित कर अतिरिक्त परामर्श दिया जाए। प्राचार्यों को शिक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न होना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। संकुल समन्वयक को विद्यार्थियों की उपलब्धि का मूल्यांकन एवं बच्चों के बीच जाकर उनके उपस्थिति का रजिस्टर जांच करने कहा गया है।

---

## दोनों मृतकों का बुधवार शाम हुआ अंतिम संस्कार, बड़ी संख्या में मौजूद रहा बल

# चक्काजाम कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी इधर चौकी प्रभारी-एसआई किए गए सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के नवागांव में घटित घटना के तीसरे दिन दोनों ही मृतकों का अंतिम संस्कार नवागांव स्थित मुक्तिधाम में कर दिया गया है। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। वहीं दिनभर गहमा-गहमी के वातावरण को संभालने के लिए मौका स्थल पर प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस अधिकारियों के साथ बल मौजूद रहा।

इससे पहले मंगलवार की रात को किशन राजपूत की मौत से आक्रोशित परिजन सहित वार्डवासियों ने नवागांव में चक्काजाम कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। वहीं लगातार मांग के बाद जिला एसपी मोहित गर्ग ने भी मामले में लापरवाही बरतने वाले चौकी प्रभारी और एक एसआई को सस्पेंड कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार की देर शाम चाकूबाजी की घटना में अब तक दो की मौत हो चुकी है। मृतकों के परिजनों ने चिखली चौकी पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया था। परिजनों ने थाना घेराव के साथ ही चक्काजाम भी किया था। परिजन लगातार चौकी प्रभारी पर कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए थे। लगातार बढ़ते दबाव और बुधवार को विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मृतकों के परिजनों से मिलने पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद मामले में एसपी मोहित गर्ग ने एक्शन लेते दो को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया। इससे पहले दो दिनों तक नवागांव में सीएसपी सहित अन्य अफसरों की तैनाती भी की गई थी। इधर मृतकों के परिवारों से मिलने उनके निवास पर पुर्व सांसद अभिषेक सिंह पहुंचे। उनके साथ महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अफसर भी मौजूद रहे। परिजनों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



### शराब, गांजा और नशीली गोलियां बन रही कारण

पिछले कुछ सालों में देखा गया है कि चाकूबाजी की घटना में युवा लोगों की संलिप्तता अधिक रही है। इनमें भी अधिकांश आरोपी नशे की जद में रहते हैं। आरोपियों द्वारा शराब, गांजा के साथ ही नशीली गोलियों का सेवन किया जा रहा है। जिसके बाद ही ऐसी घटनाएं हो रही है। पुलिस महकमा शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ तो कार्रवाई करता है, लेकिन गांजा और नशीली गोलियों के खिलाफ एक्शन लेने में विभाग कमजोर साबित हुआ है।

### मौजूद रहे अफसर

घटना को देखते हुए बुधवार को मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। इनमें एक एएसपी, दो सीएसपी, तीन टीआई सहित तीन दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद थे। इनके अलावा प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य मौके पर थे।

### जानकारी बाद कार्रवाई नहीं, लापरवाही की

एसपी मोहित गर्ग द्वारा चिखली चौकी प्रभारी निरीक्षक अरूण नामदेव और एसआई इब्राहिम खान को मामले में लापरवाही बरतने के चलते सस्पेंड कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सीएसपी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवागांव में घटित घटना से पहले ही दोनों पुलिस कर्मियों के पास पूरी जानकारी थी, लेकिन समय पर उचित कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते दो लोगों की मौत हो गई। जिसके चलते ही उन पर कार्रवाई की गई है।







### यह था पूरा मामला

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक किशन राजपूत के छोटे बेटे और आरोपी पृथ्वी भट्ट के बीच पुरानी रंजिश थी। सोमवार दोपहर पृथ्वी भट्ट ने अपने साथियों के साथ मिलकर अजय राजपूत को जान से मारने की धमकी दे दी थी। जिसकी जानकारी भी चिखली पुलिस को दी जा चुकी थी, लेकिन पुलिस ने उचित कार्रवाई नहीं की। देर शाम पृथ्वी भट्ट अपने कुछ साथियों के साथ मृतक किशन राजपूत के घर पहुंचा, उसने उसके बेटे अजय राजपूत को बुलाया, लेकिन उसकी मां उसे अंदर लेकर चली गई। घर के बाहर पहुंचे लड़कों को समझाने के लिए ही किशन राजपूत बाहर निकले थे, जिन पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। उसे बचाने आए पड़ोसी राकेश ढीमर पर भी वार किया गया। जिससे पड़ोसी राकेश ढीमर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं किशन राजपूत की दूसरे दिन मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हुई। इस घटना से ही परिजन सहित वार्डवासियों में नाराजगी है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने अब तक दो नाबालिग सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं कुछ आरोपी अब भी फरार हैं।

---

# गले में फांसी का फंदा बांधकर मांगा खाद, समिति प्रबंधक को हटाने की मांग..घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खाद की कमी और समिति प्रबंधक को हटाने की मांग लेकर आज कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी के नेतृत्व में किसानों ने गले में फांसी का फंदा बांधकर कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव किया। यहां किसानों ने नारेबाजी करते प्रबंधक को तत्काल हटाने की मांग की।

सिंघोला क्षेत्र में खाद की कमी से जूझ रहे किसानों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं अपने ज्ञापन के माध्यम से समिति प्रबंधक तामेश्वर साहू और प्राधिकृत अधिकारी अशोक साहू को हटाने ज्ञापन दिया है। कांग्रेस नेताओं के साथ किसान अपनी मांग को लेकर गले में फांसी का फंदा डालकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और कलेक्टोरेट परिसर में खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया।

**खाद उपलब्ध कराने की मांग**

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा कि समिति प्रबंधक को हटाने के लिए एक माह से संघर्ष कर रहे हैं। उन्हें नहीं हटाया गया तो किसान आत्महत्या कर लेंगे, यह संदेश देने इस तरह का प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने मांग की है कि किसानों को खाद उपलब्ध कराया जाए और तत्काल समिति प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी को हटाया गया।



### पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने लिखा पत्र

इस मामले में किसानों से मिली की शिकायत के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीते 3 सितंबर को उप आयुक्त सहकारिता विभाग राजनांदगांव को समिति प्रबंधक के विरूद्ध शिकायत होने के बावजूद जांच अधिकारियों द्वारा समिति में जांच न करके बयान लिखवाकर ले जाना और जांच रिपोर्ट नहीं बताने के मामले में पत्र लिखकर कार्रवाई कर अवगत कराने कहा है।

### एफआईआर की मांग

कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने कहा कि सिंघोला में लगभग 500 किसान एकत्रित थे, जो अपनी मांगों को लेकर ट्रैक्टर में सवार होकर कलेक्टोरेट आ रहे थे। पुलिस ने किसानों को यहां आने से रोका और उनकी ट्रैक्टर जब्त कर लिया। उन्होंने कहा कि यहां के किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है और भ्रष्टाचार के सैकड़ों आरोप होने के बाद भी समिति प्रबंधक पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### प्रबंधन पर भ्रष्टाचार के आरोप

कृषक डोमार साहू और अन्य किसानों ने कहा कि समिति प्रबंधक तामेश्वर साहू पर कई भ्रष्टाचार के आरोप हैं। जिसका सबूत भी उनके पास है। उन्होंने कहा कि समिति प्रबंधक को हटाने के लिए वह एक माह से मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं उन्होंने मांग रखी है कि सिंघोला समिति से जिन दो युवकों को हटाया गया है, उन्हें वापस काम पर रखा जाए। ऐसा नहीं करने पर किसानों ने उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।

---

## खबर संक्षेप

### ढाबा में शराब पीने की सुविधा, कार्रवाई



**राजनांदगांव।** शराब भट्ठी के आसपास स्थित ढाबों में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर तीन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

सिमें अपना ढाबा, टाइगर ढाबा व सलीम ढाबा में चेक के दौरान अवैध रूप से ढाबा में शराब पीने का संसाधन उपलब्ध करते ढाबा संचालक राकेश साहू 38 साल निवासी बोरतलाव, भुनेश्वर मरकाम 30 साल निवासी बोरतलाव एवं शेख सलीम 46 साल निवासी डोंगरगढ़ के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

## माए एंगल




# बदलावः आठ निरीक्षक व 6 उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण

- सतऊराम नेताम बसंतपुर से थाना बागनदी स्थानांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने एक आदेश जारी कर आठ निरीक्षक एवं छह उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण किया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग ने 10 सितंबर को एक आदेश जारी कर निरीक्षकों एवं उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण किया। जिसमें निरीक्षक आर्शिवाद रहटगांवकर रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी सोमनी, भूषण चंद्राकर डोंगरगढ़ से चौकी प्रभारी सुकुलदैहान, विजय मिश्रा बागनदी से थाना प्रभारी घुमका, बसंत बघेल घुमका से थाना प्रभारी बागनदी, मनीष धुर्वे सुकुलदैहान से थाना प्रभारी मोहारा, ढालसिंह साहू मोहारा से प्रभारी विधि शाखा, उपनिरीक्षक कैलाश मरई सायबर सेल से चौकी प्रभारी चिखली, रोहित खूंटे गैंदाटोला से रक्षित केन्द्र, सतऊराम नेताम बसंतपुर से थाना बागनदी, बलदाऊ चंद्राकर कोतवाली से थाना सोमनी, सुमेन्द्र खरे चिचोला से थाना डोंगरगढ़, नरेश बंजारे डोंगरगढ़ से सायबर सेल स्थानांतरित किए गए हैं।

# लकड़ी लेने जंगल गई महिला पर भालू ने किया हमला, गंभीर रूप से घायल


हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

बकरकट्टा जंगल में लकड़ी लेने गई एक महिला पर भालू और उसके शावकों ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना मंगलवार अपरान्ह 3 बजे की है।

जानकारी के अनुसार बकरकट्टा के संझारी गांव की 40 वर्षीय सुरजौतीनबाई पटेल दोपहर लगभग 12 बजे जंगल गई थी। इसी दौरान गाताभरी इलाके की झाड़ियों में छिपे एक भालू और उसके दो शावकों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। इस हमले में महिला के सिर, हाथ और पैरों में गहरे जख्म आ गए हैं। महिला की चीख-पुकार सुनकर पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे भालुओं के चंगुल से बचाया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और महिला को प्राथमिक उपचार के लिए बकरकट्टा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे तत्काल छुईखदान सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि महिला की स्थिति गंभीर है और उसे बेहतर इलाज के लिए राजनांदगांव रेफर करने की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस इलाके में अक्सर जंगली-जानवर आ जाते हैं। जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल है। उन्होंने वन विभाग और प्रशासन से इस समस्या का समाधान करने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।



# एनएच में मवेशियों को ट्रक ने रौंदा, 5 की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे सोमनी में बीती रात सड़क पर बैठे मवेशियों को लापरवाही से भागती ट्रक ने रौंद दिया। जिससे पांच मवेशियों की मौत हो गई। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात लगभग साढे 11 बजे बारिश हो रही थी। वहीं अंधेरे का आलम था। इस दौरान बस्ती क्षेत्र के नेशनल हाईवे में मवेशी बैठे हुए थे, तभी लापरवाही से भागती एक ट्रक ने सड़क पर बैठे मवेशियों को रौंद दिया। जिससे चार की मौके पर ही मौत हो गई। वही एक मवेशी गंभीर रूप से घायल थी। जिसने बाद में दम तोड दिया। इधर एक साथ पांच मवेशियों की मौत होने से ग्रामीणों में शोक एवं आक्रोश व्याप्त हो गया था। पुलिस के अनुसार इस मामले में ट्रक को पकड़ लिया गया है। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

**इंदामरा में भी पूर्व में हुई थी घटना :** ज्ञात हो कि नेशनल हाईवे में इंदामरा के पास भी गत माह हाईवे में बैठे मवेशियों को वाहन ने रौंद दिया था। जिससे नौ मवेशियों की मौत हो गई थी। इधर हाईवे सहित अन्य मार्गों में मवेशियों का जमावड़ा से दुर्घटनाएं लगातार हो रही है। इसके बाद भी मॉनिटरिंग कमजोर है।

## अन्य सब्जियों के दाम में गिरावट, धार्मिक महत्व के कारण मांग

# पितृपक्ष शुरू होते ही बढ़ गए तोरई और बरबट्टी के भाव, आवक बढ़ने से टमाटर के दाम धड़ाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पितृपक्ष पखवाड़े की शुरूआत होते ही बाजार में बिकने वाली तोरई और बरबट्टी के दामों में इजाफा देखने को मिलने लगा है। पितृपक्ष के दौरान इनके महत्व के चलते दोनों सब्जियों के दाम सौ रुपए के करीब पहुंच गए हैं। वहीं उड़द दाल की भी डिमांड देखने को मिल रही है। वहीं दूसरी ओर आवक बढ़ते ही टमाटर के दाम नीचे आ गए हैं।

उल्लेखनीय है कि अश्विन माह के कृष्ण पक्ष में पितृपक्ष के दौरान 15 दिनों तक पितरों को तर्पण दिया जाता रहा है। पूर्वजों की तिथि अनुसार उनका स्मरण, पूजन और उनके नाम पर ब्राह्मण भोज की परंपरा है। मान्यताओं के मुताबिक पितरों को उड़द दाल के अलावा तोरई और बरबट्टी की सब्जी का भोग लगता है। इसका धार्मिक महत्व होने से इसकी मांग बढ़ जाती है, जिस कारण इसके दाम में तेजी आई है। बाजार में डिमांड बढ़ी तो उड़द दाल 110 और तोरई 120 रुपए किलो के भाव से बिक रही है। 15 दिनों तक चलने वाले पितृपक्ष में तोरई और बरबट्टी सब्जी के साथ ही उड़द दाल की मांग बढ़ गई है।



### सप्ताहभर में दोगुने हुए दाम

मिली जानकारी के अनुसार जहां एक सप्ताह पहले तक तोरई बाजार में 30 से 40 रुपए किलो बिक रही थी। वहीं अब इसके दाम तीन गुना तक बढ़कर 100 से 120 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। वहीं बरबट्टी भी बाजार में 60 से 80 रुपए किलो बेची जा रही है। हालांकि टमाटर के दाम में गिरावट आई है। 60 रुपए किलो बिकने वाला टमाटर अब 30 से 35 रुपए में मिल रहा है। ऐसे ही गोभी 40 रुपए किलो, बैगन 40 रुपए किलो, आलू 25 रुपए एवं प्याज 25 रुपए में मिल रहा है।

**धार्मिक रूप से है महत्व :** पंडितों के अनुसार प्राचीनकाल से ग्रामीण इलाकों में अपने घर की बाड़ी में साग-सब्जी लगाने की परंपरा चली आ रही है। खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में पितृपक्ष के 15 दिनों में ग्रामीण इलाकों में बड़ा और पूड़ी के साथ ही तोरई की सब्जी बनाते हैं। जिसका प्रभाव आज शहरी क्षेत्र पर भी देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि तोरई की मांग बढ़ने के साथ ही इसके दाम भी बढ़े हैं।

### मारपीट से हुई थी मौत, हत्या का मामला दर्ज

**राजनांदगांव।** ग्राम जोरातरई में एक युवक संदिग्ध अवस्था में मृत अवस्था में मिला था। इस मामले में पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 7 सितंबर को ग्राम जोरातरई रेलवे ट्रेक के पास गड्ढा झाडी में अजय सिन्हा उम्र लगभग 24 वर्ष गौरीनगर निवासी संदिग्ध रूप से मृत अवस्था में मिला था। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया था। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षकों के योगदान को किया याद

**रूआंतला।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रूवातला में बच्चों ने शिक्षक दिवस श्रद्धा के साथ मनाया। सर्वप्रथम सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले की पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने शिक्षक दिवस मनाने के उद्देश्य एवं शिक्षक का राष्ट्रनिर्माण में योगदान के बारे में बताया। प्रधानपाठक एलके वर्मा, बंदिश नेमपांडे, आरके साव, संध्या गोस्वामी, प्रतीक्षादास, भारती देखमुख, नीतू वर्मा, प्रीतलाल साहू, प्रेमचंद वर्मा, राजेन्द्र साहू, लोकमती वर्मा आदि उपस्थित थे।

### रितेश बने युवक कांग्रेस के डोंगरगांव शहर अध्यक्ष

**डोंगरगांव।** एक लंबे समय से छात्र राजनीति में सक्रिय रितेश राजपूत का प्रमोशन करते हुए युवक कांग्रेस का शहर अध्यक्ष बनाया गया है। उनका मनोनयन युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश सेन ने किया है। इसी प्रकार ग्रामीण अध्यक्ष के पद पर संजू कौशिक मनोनीत किए गए हैं। मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री राजपूत ने कहा कि कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर संगठन का जनाधार बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने निखिल द्विवेदी, विधायक दलेश्वर साहु, जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष विरेन्द्र बोरकर, मंडल अध्यक्ष डॉ नरेन्द्र साहु, पार्षद प्रियंक जैन, राकेश साहु, पुष्पेन्द्र नेताम, लिलेश पटेल, दीपक देवांगन, पूर्व नगर अध्यक्ष संध्या साहु, पूर्व पार्षद वैशाली बोरकर, पीसीसी मिडिया पेनेलिस्ट श्रुति शुक्ला, आरती कोरे, अखिलेश नखत, महेन्द वैष्णव, सतीष वैष्णव का आभार जताया है।



### परिषद के आयुष और विकास बने अध्यक्ष



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के हिंदी विभाग में गत दिनों हिंदी परिषद का गठन किया गया। परिषद में अध्यक्ष विकास मेश्राम, उपाध्यक्ष असमीन साहू, सचिव सेवती कंवर, सह सचिव तृप्ति साहू, कोषाध्यक्ष निशा वर्मा तथा साहित्यिक-संस्कृतिक प्रभारी विद्या साहू है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अरुण वर्मा, नीलम वर्मा, नीलम यादव और धनता यादव को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ईवी रेवती, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ आशा चौधरी तथा हिंदी विभाग प्रमुख डॉ. नीता राजपुत उपस्थित थी। संचालन विकास मेश्राम तथा आभार प्रदर्शन डॉ. येशुकृति हजारे ने किया। इसी क्रम में सोमवार को इतिहास परिषद का गठन किया गया। परिषद में अध्यक्ष आयुष सहारे, उपाध्यक्ष छबिधर साहू, सचिव स्तुति धामगाए, सह सचिव धनुलाल, कोषाध्यक्ष रजनीश मेश्राम तथा कार्यकारिणी सदस्य हसीना कंवर, अमृता सहारे और शिवानी सिन्हा का मनोनयन किया गया है।

### औषधालय में मनाया रजत जयंती



**सड़क अतरिया।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर सड़क अतरिया में मंगलवार को रजत महोत्सव मनाया गया। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के छात्रों ने गांव में रैली निकाला जो प्रमुख मार्ग से होकर विद्यालय पहुंचा। रैली में प्रधान पाठक श्री चंद्रवंशी, राजेंद्र साहू, योग प्रशिक्षक उमेश जंघेल, श्यामकली महोबिया, रंजिता राजपुत, शिक्षिका वैष्णव, श्रीमती जंघेल शामिल हुई।

## उप मुख्यमंत्री की अनुशंसा के बाद प्रशासन ने जारी किया आदेश

# हॉस्पिटल की जीवनदीप समितियों में नए सदस्यों का हुआ मनोनयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उप मुख्यमंत्री तथा गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिक विभाग व जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के अनुमोदन उपरांत राजनांदगांव जिला अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य संस्थाओं में जीवनदीप समिति के साधारण सभा के लिए गणमान्यजनों को सदस्य के रूप में मनोनित किया गया है। राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुरगी के जीवनदीप समिति के लिए पिताम्बर कतलाम, तेजप्रताप सिन्हा, परदेशी साहू, जनदप सदस्य हर्षी चन्द्राकर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकुलदैहान के जीवन दीपसमिति के लिए विश्वनाथ देवांगन, टिकम साहू, गोविन्द वर्मा, जनपद सदस्य राजेन्द्र ठाकुर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मनगटा के जीवनदीप समिति के लिए अशोक साहू, महेश्वरी साहू,दुर्जन देवांगन, जनपद सदस्य मंजू चंदेल और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरडीहकला के जीवनदीप समिति के लिए विक्की वर्मा, दिनेश ठाकुर, होश कुमार साहू, जनपद सदस्य ललिता साहू को सदस्य मनोनित किया गया है।

### अर्जुनी में दिनेश और विजय जैन बने सदस्य

डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करमतरा में त्रिलोक चंद साहू, पुष्पेन्द्र कुमार साहू, नरेन्द्र भावे एवं जनपद सदस्य टुमन लाल साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अर्जुनी में दिनेश कुमार साहू, दुर्गेश कुमार सिन्हा, विजय जैन एवं जनपद सदस्य उमेश कुमार साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुज्जी में राधेश्याम कमरिया, मिथलेश साहू, यशोदा राजपूत एवं जनपद सदस्य गैंदाबाई साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टप्प में राजू ढीमर, मोरध्वज चन्द्रवंशी, शुकदेव सिन्हा एवं जनपद सदस्य क्रांति सुकचंद चन्द्रवंशी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आसरा में खेमन साहू,मेहश कुंभकार,रामदीन जगने एवं जनपद सदस्य विवेक मण्डावी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बारगांव चारभांठा में खेदूराम मसिया,ईश्वर साहू, यदू राम नायक एवं जनपद सदस्य गैंदाबाई साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड़ में टीकम पटेल, डॉ. डिलेश्वर वर्मा, गिरिश वैष्णव एवं जनपद सदस्य जया साहू को सदस्य मनोनित किया गया है।

### लंबे इंतजार के बाद हुई नियुक्तियां

डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी के जीवनदीप समिति के लिए अनिल पैकरा, दिलीप साहू, मुरली गेडाम एवं जनपद सदस्य रामेश्वरी एवन वर्मा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुसराकला के जीवनदीप समिति के लिए लोकेन्द्र वैष्णव, विनोद वैष्णव, टुम्मन वर्मा एवं जनपद सदस्य सीमा ओमप्रकाश साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुरमुन्दा के जीवनदीप समिति के लिए ईरशाद भाई, फणेश्वर कदम, मूलचंद साहू एवं जनपद सदस्य उमेश साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाल बहादुर नगर के जीवनदीप समिति के लिए अवधराम साहू, मृगलाल साहू, राजकुमार ताम्रकार, जनपद सदस्य रेश्मा कंवर एवं पार्षद रामजी साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामाटोला के जीवनदीप समिति के लिए देवेन्द्र नंदेश्वर, टोकाराम बाघमारे, जगदीश देवांगन एवं जनपद सदस्य सुरेश वर्मा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहला के जीवनदीप समिति के लिए नामदेव साहू, सतीश वर्मा, तेजराम छेदैया एवं जनपद सदस्य हीराराम वर्मा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चारभांठा के जीवनदीप समिति के लिए गिरवर साहू,अरूण पंचभाई,ढालचंद मेश्राम एवं जनपद सदस्यअशोक नेताम को सदस्य मनोनित किया गया है। छुरिया विकासखंड अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोला के जीवनदीप समिति के लिए खेदूराम सिन्हा, सोहन कुंजाम, श्यामसुन्दर साहू एवं जनपद सदस्य चुनीया बाई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोभा के जीवनदीप समिति के लिएदेवदास साहू, मयाराम साहू, लेखराम निर्मलकर एवं जनपद सदस्य राधिका चन्द्रवंशी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुमरदा के जीवनदीप समिति के लिए सुन्दर साहू, कंसु यादव, एस कुमार सेन एवं जनपद सदस्य लक्ष्मी बाई मण्डावी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उमरवाही के जीवनदीप समिति के लिए चंदु पटेल, अनंत तिवारी, ईश्वर निर्मलकर एवं जनपद सदस्य हरिला कौशल चन्द्रवंशी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गैंदाटोला के जीवनदीप समिति के लिए रीना कोचे, मनोहर साहू, राम कुमार साहू एवं जनपद सदस्य हेमीन साहू, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुचाटोला के जीवनदीप समिति के लिए थाम बाई चन्द्रवंशी, राजेश शुक्ला, जानू राम साहू एवं जनपद सदस्यप्रशांत ठाकुर को सदस्य मनोनित किया गया है।

# युवक कांग्रेस में नए अध्यक्षों की नियुक्ति



■ घोषणा के बाद युवा कार्यकर्ताओं में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया, सह प्रभारी मोनिका मंडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा और जिला प्रभारी प्रांजल तिवारी की अनुशंसा पर युवा कांग्रेस ग्रामीण के ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा की गई है। युवा कांग्रेस ग्रामीण के जिलाध्यक्ष महेश सेन ने नियुक्ति पत्र जारी किया है। घोषणा के अनुसार डोंगरगांव ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी संजू कौशिक को सौंपी गई है, वहीं शहर अध्यक्ष के रूप में रितेश राजपूत का चयन किया गया। लाल बहादुर नगर में ग्रामीण अध्यक्ष रामसुख देवांगन और शहर अध्यक्ष लोकेश साहू बनाए गए हैं। डोंगरगढ़ में ग्रामीण अध्यक्ष पद पर टीकम सिन्हा और शहर अध्यक्ष पद पर उपेंद्र सोनी को जिम्मेदारी दी गई है। घुमका क्षेत्र में ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र सिन्हा और शहर अध्यक्ष नवनीत राजपूत बनाए गए हैं। इसी तरह मुढ़ीपार में जयप्रकाश जंघेल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### समुंदपानी में साप्ताहिक बाजार शुरू

**सड़क अतरिया।** वनांचल के ग्राम समुंदपानी में सोमवार को पूर्व विधायक कोमल जंघेल तथा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार के आतिथ्य में साप्ताहिक बाजार का श्रीगणेश किया गया। इस मौके पर कोमल जंघेल ने कहा कि अब लोगों को जरूरत की सभी वस्तुएं एक जगह पर मिल जायेगी। खम्हन ताम्रकार ने कहा कि सरकार की योजनाएं सुदुर वनांचल के लोगों तक पहुंच रही है। कल्याणकारी योजनाओं के चलते विकास तेजी से हो रहा है।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधों का रोपण



**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत 407 ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक, औद्योगिक, एनजीओ एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से लगभग 54 हजार 549 पौधों का रोपण किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि हरियाली को समर्पित और मातृ-प्रेम की भावना से ओतप्रोत एक पेड़ मां के नाम अभियान में जिले की विभिन्न अग्रणी संस्थाओं ने भाग भाग लिया। इनमें उदयाचल, गायत्री परिवार, समता मंच, आस्था मूकबधिर शाला, अभिलाषा संस्थान, कॉपेडियन विलेजर्स वेलफेयर फाउंडेशन, हरियाली बहन अभियान, मां बम्लेश्वरी ग्रुप, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, एबिस एक्सपट्र्स, हाईटेक मेटल पावड्र्स, सनटेक जियो, कमल सॉल्वेंट, मोहन एग्रो, जनकल्याण सामाजिक संस्थान, साइट सेवर्स इंडिया, दीपिका विद्यालय, वैसलीयन स्कूल, नेहरू विद्यालय सिंघोला, आदर्श विद्या मंदिर लखोली, सृजन हायर सेकंडरी स्कूल सुरगी, सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा एवं अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार रक्षक संगठन छत्तीसगढ़ सहित अन्य संगठनों की सक्रिय सहभागिता से वृहद पैमाने पर पौधरोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि हरेली, रक्षाबंधन एवं तीज के अवसर पर दीदियों द्वारा विशेष रूप से पौधों का रोपण कर त्योहार की खुशियां बांटी गई। उदयाचल द्वारा 22000 सीड्स बॉल तैयार कर प्रदान किया गया, जिसे जिले में निर्मित स्ट्रीगर ट्रेंच में फैलाया गया है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 82888 रोपणी व नर्सरी कार्य की स्वीकृति दी गई है। अभियान अंतर्गत चरागाह क्षेत्रों में आम, कटहल, नींबू, मुनगा सहित अन्य फलदार पौधों का रोपण किया गया। वहीं सड़कों के दोनों ओर करंज सहित अन्य छायादार पौधों का रोपण किया गया।

# बदलाव के लिए साक्षर होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में 8 सितंबर को विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य ने विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि साक्षरता अभियान का 1966 में युनेस्को से आरँभ हुआ था।

भारत में इसकी शुरूवात 1988 में हुई। उन्होंने बताया कि इस मिशन से शिक्षा का महत्व आम लोगों तक पहुंचा हैं जिसमें लाखों लोग साक्षर हुए हैं। इसी कडी में भावना निषाद, गीतांजलि साहू, पूजा धनकर ने अपने विचार रखते हुए साक्षरता के मिशन को बढाने का संकल्प व्यक्त किया।

अतिथि ग्रंथपाल हिमानी साहू ने कहा कि साक्षरता अभियान शिक्षा के उद्देश्य और अधिकार को हासिल कराता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती बल्कि यह जीवन भर काम आती है, इसलिए सबको साक्षर होना चाहिए। इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता चन्द्रकांत कुंभकार, मोनिश खान, डा काव्या जैन, डा संजुसिंह, डा हेमलता विरदी, कंचन साहू, शुभि जैन, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर के अलावा छात्र छात्राएं उपस्थित थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश सहारे ने किया।

# जीएसटी कटौती से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की बैठक में जीएसटी के चार स्लैब में बदलाव कर दो स्लैब वाली प्रणाली को स्वीकृत करने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से न केवल कर व्यवस्था को सरल बनाया गया है बल्कि सामान्य जन मानस, किसान, युवा, महिलाएं, श्रमिक एवं छोटे कारोबारियों पर टैक्स का बोझ कम करने की पहल की गई है जिससे जीवन में व्यापक आर्थिक बदलाव होगा साथ ही सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में की गई कटौती और सुधारो से सभी वर्ग लाभान्वित होंगे।

### अब सिर्फ दो स्लैब

उन्होंने बताया कि जीएसटी काउंसिल ने 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वाली स्लैब को समाप्त कर अब सिर्फ दो स्लैब 5 और 18 प्रतिशत रखा है। विलासिता और हानिकारक वस्तुओं को 40 प्रतिशत का एक अलग से स्लैब मंजूर किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी समाज के समग्र विकास और आर्थिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। श्री खांडेकर ने कहा कि आयकर में 12 लाख तक की छूट के बाद जीएसटी में भारी कमी करने से ट्रैक्टर, थ्रेसर, खाने-पीने की चीज, टीवी, फ्रिज, कूलर, बाइक, दवाई, शिक्षण सामग्री, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक वस्तुएं सस्ती होगी। दूध, रोटी, पराठा तथा 33 जीवन रक्षक दवाइयां टैक्स फ्री हो जाएगी। कई आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी अब शून्य हो जाएगा। हेल्थ और जीवन बीमा की पॉलिसी के प्रीमियम पर जीएसटी हटा दिया गया है। श्री खांडेकर ने प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री का आभार प्रकट किया।

### महामंत्री को किया आमंत्रित

**डोंगरगढ़।** जिला भाजपा कार्यालय में गत दिनों सेवा पखवाड़ा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, शशिकांत द्विवेदी, विनित यादव, विनय बंसल, सेवा पखवाड़ा के संयोजक कैलाश सोनवानी, सह संयोजक अलका जयेश सहारे, सह संयोजक अजय कुमार शर्मा शामिल हुए। प्रदेश महामंत्री से चर्चा कर डोंगरगढ़ आने का आग्रह किया गया। जिला स्तरीय कार्यशाला में लाल बहादुर नगर मंडल के अध्यक्ष मनोज कांडे, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहु, नगर उपाध्यक्ष छबीधर साहु, हेमलाल वर्मा, कैलाश ऊके, मंडल संयोजक उपकारसिंह बघेल, सहसंयोजक चंद्रप्रकाश देशमुख एवं राजकुमार ताम्रकार शामिल हुए।



# राज मिस्त्रियों को 30 दिवसीय प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत बोरतलाव में राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी के आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम के तहत 30 दिनों तक 20 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस मौके पर श्रीमती मंडावी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के गरीबों की समस्याओं को समझते हैं इसी कारण अनेक योजना गरीबों के लिए शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि गरीबों के लिए ही प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू किया गया है ताकि वह भी पक्के मकान में गुजर बसर कर सके। इस योजना से गांव में ही लोगों को रोजगार मिलेगा। श्रीमती मंडावी ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता अरविंद नंदेश्वर, आवास मित्र हेमंत आदि उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस पर हुआ आयोजन

# सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों ने आचार्य-दीदियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक त्रिभुवन दुबे, कन्हैया अग्रवाल, शिक्षा समिति अध्यक्ष सुनील जैन, मीना गिरधर, नीलम चोपड़ा, प्रकाश गिरधर, प्रभाकर राव गिरधर, प्राचार्य प्रकाश यादव्र प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद आदि ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम आरंभ किया। अतिथि परिचय के बाद भैया बहनों ने डॉ राधाकृष्णन से संबंधित गीत कहानी कविता आदि प्रस्तुत किए। श्री दुबे, श्री अग्रवाल सहित आचार्य दीदियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया,। अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य यादव ने किया। संचालन ऋषभ वाल्दे ने किया। इस मौके पर सुरेश वैष्णव, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकलेस सहित अन्य उपस्थित थे।



### शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े युवा

वीआर कंप्यूटर एजुकेशन द्वारा में आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा से हुइअर्। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज के संस्थापक जे विजय रेड्डी ने डॉ राधाकृष्णन के जीवन पर चर्चा करते हुए बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर कार्य करने प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों को साल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर जितेंद्र, कंचन, रुक्मणी, हिरमोतीन, चंचल केजाराम, टिकेश, ढलेश्वरी, राहुल, नीलम सहित अन्य उपस्थित थे।

# जीएसटी की दरें कम होने से अर्थ व्यवस्था होगी मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष कमलेश बैद ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों को दो स्लैब में करने के फैसले को अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक बताया है।

श्री बैद ने कहा कि आज तक के इतिहास में देखा गया है कि जब तक जनता ने कोई आंदोलन नहीं किया, तब तक सरकार ने टैक्स कम नहीं किया, परंतु पहली बार है कि मोदी ने घर के पारिवारिक मुखिया की तरह टैक्स स्लैब को कम किया है। इससे व्यापार करना और भी आसान हो जाएगा और व्यापार में पारदर्शिता आएगी तथा आर्थिक विकास को गति मिलेगी। श्री बैद ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भी जीएसटी की दरों में बदलाव के लिए प्रयत्न किया था, इसलिए आज उनके आवास पर उन्हें धन्यवाद देने और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करने चेंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि मंडल उनसे मिला और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रदेश वित्त मंत्री ओपी चौधरी को भी धन्यवाद दिया गया। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री और जिला प्रवक्ता अमर लालवानी ने बताया कि इस दौरान स्थानीय व्यापारी महेश माखीजा के खिलाफ हुई धोखाधड़ी का मामला भी डॉ. रमन सिंह की संज्ञान में लाया गया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, भीमन धनवानी, जिला कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, वरिष्ठ सलाहकार राजा माखीजा, राजकुमार बाफना, दीपक नवलखा, पवन गणसाणी, संजय तेजवानी, योगेश खत्री, रवि वाधवानी, महेश मखीजा सहित बड़ी संख्या में चेंबर के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 14 को

**राजनांदगांव।** शहर के मोतीपुर रामनगर क्षेत्र के ताज नगर स्थित मदरसा गुलशने रजा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आगामी 14 सितंबर दिन रविवार को किया जा रहा है। जिसमें स्त्री रोग और हड्डी रोग से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क सेवा दी जाएगी। यह स्वास्थ्य शिविर आमजनों के लिए आयोजित किया गया है। इस शिविर का उद्देश्य समय पर लोगों को बीपी व शुगर का पता लगना और बीमारियों के उपचार को लेकर किया जा रहा है। मदरसा कमेटी और लाइफ केयर क्लिनिक के सहयोग से आयोजित होने वाले इस स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और दवाइयों का वितरण किया जाएगा। इस शिविर का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## सार समाचार

### चार गांव में निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत छुरिया विकासखंड के चार ग्रामों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 30 लाख 80 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम बागद्वार में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, ग्राम शिकारीटोला में वार्ड क्रमांक 1 में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रुपए, ग्राम झिथराटोला में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 80 हजार रुपए एवं ग्राम रियाटोला में में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 80 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल ने मनाया शिक्षक दिवस




**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अवसर पर नीरज ग्रुप ऑफ स्कूल के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। श्री वाजपेयी ने शिक्षकों एवं स्टाफ को शिक्षक दिवस की बधाई देते कहा कि किसी भी देश को महान बनाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने शिक्षकों की प्रशंसा करते शाला में शिक्षकों के योगदान को रेखांकित किया। शिक्षक अपने शिक्षा द्वारा हमेशा यही प्रयास करें कि उनके विद्यार्थी भविष्य के राष्ट्रनिर्माण और देश को महान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसमें शिक्षक दिवस के महत्व पर सारगर्भित भाषण देते इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इसी कड़ी में बच्चों द्वारा कविता, भाषण एवं नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में डायरेक्टर श्री वाजपेयी द्वारा भिन्न-भिन्न गतिविधियों से संबंधित शिक्षकों को उनके शाला में योगदान के लिए मोमेन्टों के साथ उन्हें सम्मानित भी किया।

### बालिका सुरक्षा माह आयोजित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल ग्राम पनेका में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के दस दिवसीय विशेष अभियान एवं बालिका सुरक्षा माह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक किशोर माहेश्वरी द्वारा पॉक्सो एक्ट लैंगिक अपराधों के प्रति बालकों का संरक्षण, साईबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बाल संरक्षण इकाई से नितिन किशोरी वर्मा एवं तरूण चंद्रकाम द्वारा बालिकाओं के संरक्षण एवं सुरक्षा, बाल विवाह रोकथाम, नवा बिहान की घरेलू हिंसा, उत्पीडऩ की घटनाओं के समाधान, सखी वन स्टॉप सेंटर, सखी सदन, सखी निकेतन की जानकारी प्रदान की गई। शाला की किशोरी बालिकाओं द्वारा बालिका सुरक्षा विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। बालिकाओं के लिए तात्कालिक भाषण, चित्रकला, गीत एवं कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

### पंचमी पर व्यंजनों से मां को लगेगा 56 भोग

**राजनांदगांव।** आगामी शारदीय नवरात्र पर्व को लेकर शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा महाकाली मंदिर बाबूटोला वार्ड क्र. 1 में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के संरक्षक गुरुदेव हरीश यादव के मार्गदर्शन में नवरात्र पर्व की रूपरेखा तय की गई। समिति अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में



तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष 22 सितंबर से शारदीय नवरात्र आरंभ होगा। 21 सितंबर को बिरही भिगोने की परंपरा निभाई जाएगी और 22 सितंबर को घट स्थापना व ज्योति प्रज्जवलन के साथ विधिवत नवरात्र की शुरूआत होगी। समिति के संरक्षक गुरुदेव हरीश यादव ने जानकारी दी कि पंचांग अनुसार इस वर्ष चौथ तिथि दो दिन की होने के कारण पंचमी 27 सितंबर को मनाई जाएगी। इस दिन मां महाकाली का विशेष श्रृंगार किया जाएगा और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों सहित 56 प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे। रात्रि में भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय भजन मंडलियों के साथ श्रद्धालु भक्तजन शामिल होंगे। 30 सितंबर को अष्टमी के दिन दोपहर 3 बजे से हवन आयोजित होगा। हवन उपरांत निःसंतान दंपतियों के लिए विशेष अर्जी श्रीफल व भभूति का वितरण किया जाएगा। वहीं 1 अक्टूबर को नवमी तिथि पर संध्या 6 बजे सेवा भजन के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### साहित्य महोत्सव में जेबी सिंह स्कूल का जलवा

**राजनांदगांव।** दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में इंटर स्कूल साहित्य महोत्सव 2025-26 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल राजनांदगांव के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



धूमधाम से किया गया। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कैरेक्टर प्रजेन्टेशन प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें विधि साहू और तनमय रामटेके ने अपने उत्कृष्ट अभिनय से सबका दिल जीत लिया। इसके बाद रेडियो जॉकी प्रतियोगिता में अवनी द्विवेदी और दिव्या साहू ने अपनी रोचक प्रस्तुति दी। कविता पाठ में यशस्वी साहू ने अपने मधुर स्वर और प्रभावशाली अभिव्यक्ति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्टोरी टेलिंग में प्रियल सोनी और मनराज सोनी ने अपनी कहानियों के माध्यम से सभी को प्रभावित किया। वहीं रोल प्ले प्रतियोगिता में सावनी मसीह ने अपने अभिनय से सभी की तालियां बटोरी और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### प्रत्येक शुक्रवार को निःशुल्क शिविर

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा माह सितंबर के प्रत्येक शुक्रवार 12, 19 एवं 26 सितंबर को वार्ड क्रमांक 6 चिखली स्थित आयुष पॉलीक्लीनिक राजनांदगांव में गुदगत रोगों (एनोरेक्टल डिजिस) से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क स्क्रीनिंग एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है।

## निर्माणाधीन आवासों को 30 तक पूर्ण करने के निर्देश

# सीईओ ने अचानकपुर भाठापारा और सोमनी में किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने विकासखंड राजनांदगांव के ग्राम पंचायत सुंदरा, अचानकपुर भाठापारा एवं सोमनी में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अप्रारंभ एवं निर्माणाधीन आवासों को तत्काल प्रारंभ करने एवं निर्माणाधीन आवासों को 30 सितंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सोमनी में महतारी सदन का जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को निर्देशित किया।



**सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश**

महतारी सदन के पास गंदगी पाए जाने पर ग्राम सचिव को नोटिस जारी करने के निर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीणजनों को स्वच्छता हेतु समझाइश दिया। अप्रारंभ आवास हितग्राहियों को एक सप्ताह के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं होने की स्थिति में राशि वसूली हेतु समझाइश दी गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सुंदरा में ढलाई शेष वाले आवास हितग्राहियों को माह 30 सितंबर तक आवास पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया। मिनी स्टेडियम स्टेडियम निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने कहा। ग्राम पंचायत अचानकपुर भाठापारा में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का निरीक्षण एवं निर्माणाधीन आवासों को माह के अंत तक पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया। इस दौरान उप संचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक, जनपद पंचायत राजनांदगांव सीईओ मनोष साहू, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 17 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा राजनांदगांव द्वारा 17 सितंबर को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में गंभीर बीमारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट (हृदय रोग विशेषज्ञ), पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट (बाल हृदय रोग विशेषज्ञ), गैस्ट्रोलॉजिस्ट (पाचन तंत्र का विशेषज्ञ), ऑन्कोलॉजी (कैंसर के अध्ययन, निदान, उपचार और रोकथाम से संबंधित), नेफ्रोलॉजिस्ट एण्ड सर्जरी (किडनी रोग से संबंधित), न्यूरो फिजिशियन एण्ड सर्जरी (मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी और तंत्रिकाओं से संबंधित), ऑर्थो फिजिशियन एण्ड सर्जरी (हड्डी रोग चिकित्सक और सर्जन) उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान रक्तदान शिविर, आयुष्मान कार्ड पंजीयन एवं 70 वर्ष या उससे अधिक वर्ष के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन की निःशुल्क सेवाएं दी जाएगी। गंभीर बीमारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शामिल होने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन के लिए 16 सितंबर सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, जिला चिकित्सालय बसंतपुर और शासकीय मेडिकल कॉलेज पेंड्री राजनांदगांव में संपर्क कर सकते हैं। पंजीयन के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज पेंड्री के मोबाइल नंबर 9301839219, जिला चिकित्सालय बसंतपुर के मोबाइल नंबर 7587766872, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव के मोबाइल नंबर 9691918580, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरिया के मोबाइल नंबर 6268240712, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगढ़ के मोबाइल नंबर 8349787580, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घुमका के मोबाइल नंबर 9993209749 पर संपर्क किया जा सकता है। शिविर में शामिल होने वाले मरीज साथ में पूर्व डॉक्टर की पर्ची एवं जांच रिपोर्ट लेकर अवश्य आएं। स्वास्थ्य शिविर का निःशुल्क लाभ लेने (पंजीयन हेतु) आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

# डॉ. यादव की कृति लोक का मिथक का किया विमोचन



**गंडई पंडरिया।** गंडई के प्रसिद्ध साहित्यकार और सेवानिवृत्त व्याख्याता डॉ. पीसी लाल यादव की नई किताब लोक का मिथक का हाल ही में रायपुर में विमोचन हुआ। यह विमोचन लोक में राम शोध संस्थान की मासिक पत्रिका सतत छत्तीसगढ़ के विशेष संस्करण के विमोचन समारोह के दौरान किया गया। विमतारा सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा थे। इस अवसर पर भविष्य की चुनौतियां और मनुष्य की तैयारी विषय पर संगोष्ठी हुई, जिसमें प्रदेश भर से आए विद्वानों और साहित्यकारों ने हिस्सा लेते हुए अपने विचार साझा किए।

**निबंध संग्रह**

लोक का मिथक एक निबंध संग्रह है, जिसमें डॉ. यादव ने छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक संस्कृति और लोक साहित्य पर गहन शोध करके निबंधों को संकलित किया है। यह कृति शोधार्थियों और अध्येताओं के लिए बेहद उपयोगी मानी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन शिवम त्रिवेदी ने किया।

# सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर कार्यशाला

## सामाजिक सरोकारों को मिलेगा बल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आगामी 17 सितम्बर को पीएम नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा जिसमें पार्टी कार्यकर्ता स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा के विविध कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

■ प्रदेश भाजपा मंत्री ने दिया मार्गदर्शन

इसी क्रम में भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जहाँ प्रदेश भाजपा मंत्री अमित साहू ने कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़ा की रूपरेखा से अवगत कराते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जन सेवा और राष्ट्र सेवा ही भाजपा का मूल मंत्र है। सेवा पखवाड़ा इसी उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। कार्यकर्ता सेवा भाव से कार्यक्रमों में सहभागी बने और आमजन के बीच पार्टी की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करें। उन्होने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, जनस्वास्थ्य शिविर, दिव्यांगजन व विशिष्ट नागरिकों का सम्मान, लोकल फॉर वोकल का प्रचार-प्रसार, पीएम मोदी के जीवन पर डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, खेलकूद और चित्रकला प्रतियोगिता जैसे सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी दौरान 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती प्रत्येक बूथ स्तर पर मनाने का निर्णय भी लिया गया।

कार्यशाला मे जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सेवा कार्यक्रमों को गंभीरता से लें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का प्रयास करें। उनहोने कहा कि भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम से जनसंपर्क मजबूत होने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी बल मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ बिशेषर साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू, टीके चंदेल, जीवन देवांगन, शशांक ताम्रकार, खम्हन ताम्रकार, अनिल अग्रवाल, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, जिपं सदस्य अरुणा बनाफर, भजपा मंडल अध्यक्ष व जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, ललित चोपड़ा, पुष्पा वर्मा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी, पार्षद विनय देवांगन, देवकुमार सेन, ललित सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नशेड़ियों से लिखवा रही निबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के साथ-साथ जिले मे शांति सुरक्षा को लेकर पुलिस कप्तान लक्ष्य विनोद शर्मा के नेतृत्व में पुलिस लगातार सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर रही है। वहीं अब बुधवार को थाने में अजीब नजारा नजर आया जब सार्वजनिक जगहों में शराब सेवन करते पाए दो दर्जन के आसपास नशेड़ियों के खिलाफ कानूनी कारवाई करने की जगह नशे के दुष्प्रभाव को लेकर निबंध लिखवाया। इस दौरान उन्हें कागज पेन दिया गया और नशे के चलते परिवार समाज और खुद के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को लेकर अपनी बात लिखने कहा गया। कई नशेड़ियों के निरक्षर होने के कारण जवान उनकी मानसिकता को कागज पर उतारते भी दिखे। नशा करना पाप है, गांजा शराब खराब है, नशा से बचना चाहिये जैसे स्लोगन लिखकर नशेड़ियों ने दिया और संकल्प लिया कि नशे की लत से दूर रहेंगे।

■ नशे के खिलाफ जिला पुलिस की मुहिम



**मुहिम काफी कारगर साबित होगी**

पुलिस कप्तान लक्ष्य विनोद शर्मा के इस कदम को बेहतर बताते हुए जानकारों का कहना है कि सट्टा, शराब, गांजा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ उनकी ये मुहिम काफी कारगर साबित होगी जब नशा करने वाला व्यक्ति अंतर्मन से जागेगा और नशे से खुद के साथ परिवार पर पड़ रहे दुष्प्रभाव से अवगत होगा तो खुद ब खुद नशे की लत से दूर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस कप्तान के मार्गदर्शन मे जिला पुलिस की जितनी सराहना की जाए कम है। नशे की लत से मुक्ति दिलाने कानूनी कारवाई की जगह यह बेहतर प्रयास है।

# गंडई महाविद्यालय में विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया

**गंडई पंडरिया।** शासकीय महाविद्यालय गंडई के समाजशास्त्र विभाग ने हाल ही में विश्व साक्षरता दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन समाजशास्त्र विभाग के संयोजक डॉ. ओमप्रकाश कौशिक के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि टीएल वर्मा ने शिक्षा, खासकर डिजिटल शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। मुख्य वक्ता असीत कुमार साहू ने आजादी से अब तक के साक्षरता दर में आए बदलावों और इसे बढ़ाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज में फैली बुराइयों को खत्म करने के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में छात्रों ने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भाषण, गीत और नाटक प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डॉ डीपी कुर्रे, गावस्कर कौशिक, शुभम दुबे, हेमंत मिश्रा, डॉ. डिलवरी साहू और डॉ पद्मिनी सिन्हा सहित अन्य कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित थे। संचालन और आभार प्रदर्शन अर्थशास्त्र विभाग के गौरव ने किया।

## सदस्यता अभियान 23 से

**डोंगरगढ़।** मारवाड़ी धर्मशाला का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। आगामी 23 सितम्बर से अक्टूबर तक इच्छुक लोग संरक्षक श्रेणी के लिए 501, आजीवन श्रेणी के लिए 251 एवं साधारण श्रेणी के लिए 101 रूपए जमा कर सदस्य बन सकते है। जानकारी के अनुसार सदस्य बनने के लिए न्यूनतम 18 वर्ष आयु अनिवार्य है। अधिक जानकारी मारवाड़ी धर्मशाला के अध्यक्ष किशन अग्रवाल से प्राप्त किया जा सकता है।

## संगीत विवि में अविस्मरणीय योगदान को किया याद

# चौंरा से अंतरराष्ट्रीय मंच तक तीजनबाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विश्वविख्यात पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई ने गांव कस्बों से लेकर अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर पंडवानी लोक गायिकी को प्रतिस्थापित करने अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए संगीत विवि के लोक संगीत विभागमे चौंरा से अंतराष्ट्रीय मंच तक तीजन बाई विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य, लोक संगीत व कला संकाय अधिष्ठाता प्रो डॉ राजन यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथि व्याख्याता डॉ विधा सिंह ने पीपीटी के माध्यम से पद्म विभूषण तीजन बाई के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस तरह भिलाई के गनियारी गांव में जन्मी तीजन बाई ने समीप के गांव में अपनी पहली प्रस्तुति शुरू कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की। तीजन बाई कापालिक शैली में पंडवानी करने वाली प्रथम महिला है जिन्होंने अपनी प्रतिभा के दम पर पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्म विभूषण सहित डीलिट जैसी उपाधियां अपने नाम की। महिला होने के बावजूद आर्थिक, सामाजिक परेशानियों का सामना कर तीजन बाई ने पंडवानी गाना नहीं छोड़ा जिसका परिणाम है कि आज उनका नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात है। छात्र जयंत ने तीजन बाई के नामकरण सहित उनके जीवन के संघर्षों की जानकारी दी। छात्र समीर ने उनके सरल स्वभाव के साथ शुरुवाती दौर में अपने नाना के सानिध्य में पंडवानी गायन की शुरुआत करने के संबंध में बताया। छात्रा ईशा बघेल ने तीजन बाई द्वारा अपने तमूरा के लिए गाए गए गीत की प्रस्तुति दी। जिसके बाद कापालिक शैली में महाभारत के द्रौपदी चीरहरण प्रसंग की पंडवानी प्रस्तुत की। इस दौरान पंडवानी गायन में डॉ बिहारी लाल तारम ने बैंजो, रामचंद्र सरपे ने तबला, वेदप्रकाश ने ढोलक और समीर साहू ने घुंघरू में संगत किया। हर्ष चंद्राकर ने रागी की भूमिका निभाई।



**लोक कला व संस्कृति की झलक लोक संगीत विभाग में**

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि लोक कला व संस्कृति की झलक लोक संगीत विभाग में दिखाई देती है जो यहां की खासियत है। ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण और ज्ञानवर्धक बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को गहनता के साथ अध्ययन करने कहा। अधिष्ठाता प्रोडॉ राजन यादव ने कहा कि एक समय ऐसा था जब तीजन बाई दो लालटेन के बीच अपना कार्यक्रम देती थी। प्रो.यादव ने मैथिलीशरण गुप्त की कविता जितने कष्ट कंटकों में है के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। संचालक व संयोजक सहायक प्राध्यापक डॉ दीपशिखा पटेल ने बताया कि तीजन बाई ने विवि परिसर में भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। विवि ने उन्हें मानद डीलिट की उपाधि से नवाजा है। इस दौरान सेमिनार, स्वतंत्रता दिवसऔर चक्रधर समारोह में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को कुलपति ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। आभार प्रदर्शन अतिथि व्याख्याता डॉ परमानंद पांडेय ने किया।

# विद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्तर माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया में मंगलवार को शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक मनहरण लाल जंघेल थे। अध्यक्षता राधे मोहन वैष्णव ने की। कार्यक्रम में लोमश वैष्णव, महेश जैन, मनोज जंघेल उपस्थिति थे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शिक्षको को मोमेंटो एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। शाला प्रबंधन समिति ने भी समस्त शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य खेमराज सिन्हा, हेमलता वैष्णव, कोमल नारायण वर्मा, शिव कुमार पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, वेदकुमारी पाली, पारसमणी सिन्हा, शोभना बोपचे, सरिता शर्मा, बबिता ठाकुर, दीपाली जंघेल, तुकाराम साहू, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, मीनाक्षी पटेल अन्य सामिल रहे।शाला नायक ने आभार व्यक्त किया।



## सार समाचार

### कॉन्फ्लूऐंस कॉलेज में गणेश विसर्जन

**राजनांदगांव**। कान्फ्लूऐंस कॉलेज के बेस्ट प्रैक्टिस, एनएसएस एवं आईक्यूएसी सेल के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में श्री गणेश हवन, पूजन एवं विसर्जन का आयोजन किया गया। छात्रों ने सर्वप्रथम विधि-विधानपूर्वक श्रीगणेश का हवन एवं पूजन कार्यक्रम संपन्न किया।



तत्पश्चात छात्रों ने श्रीगणेश का विसर्जन ग्राम पंचायत पारीकला के विसर्जन स्थल में किया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि प्रतिवर्ष सभी छात्रों द्वारा मिलकर महाविद्यालय परिसर में श्रीगणेश की स्थापना, पूजन एवं विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया जाता है। बेस्ट प्रैक्टिस सेल प्रभारी प्रीति इंदोरकर एवं एनएसएस अधिकारी विजय मानिकपुरी ने श्रीगणेश विसर्जन का संचालन करते बताया कि प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम में सभी छात्रगण आस्थापूर्ण रूप से शामिल होकर श्रीगणेश की आरती, भजन-कीर्तन एवं विसर्जन करते हैं।

### कलेक्टर ने सुनी शिकायत एवं समस्याएं

**राजनांदगांव**। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को



प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को बांटा भोजन और सामग्री

**राजनांदगांव**। पितृपक्ष के पहले दिन सोमवार को छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन जिला इकाई राजनांदगांव की ओर से सेवा और श्रद्धा का भाव देखने को मिला। समता मंच द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में संस्था के पदाधिकारियों ने पहुंचकर वृद्धजनों को भोजन, मिष्ठान और आवश्यक



सामग्री का वितरण किया। फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया। सभी ने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और पितरों को याद करते उनके प्रति श्रद्धा प्रकट की। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा ने कहा कि पितृपक्ष आत्मिक शुद्धि और पूर्वजों की स्मृति में सेवा करने का समय है। वृद्धजनों की सेवा कर हमें संतोष और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। जिला अध्यक्ष मधुबाला श्रीवास्तव ने कहा कि फाउंडेशन समाज के हर वर्ग तक मदद पहुंचाने प्रतिबद्ध है। वृद्धाश्रम आकर बुजुर्गों के साथ समय बिताना, एक अलग ही अनुभव रहा। इस अवसर पर नितिन देवांगन, डॉ. तरुण रामटेके, रेणुका साहू, रितु रायजादा, विनोदिनी मारकंडे, अभिषेक श्रीवास्तव, अंकित बालाजी श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, गायत्री जांगड़े सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी अंकित बालाजी श्रीवास्तव ने दी।

### जोरातराई स्कूल में न्योता भोज

**राजनांदगांव**। शा.प्रा. शाला जोरातराई में न्योता भोज के तहत नितेंद्र गुप्ता द्वारा अपने पिता के जन्मदिवस के अवसर पर शाला में बच्चों को इडली,



सांभर, नारियल की चटनी खिलाया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख सरिता ठाकुर, शिक्षक खिलावन सिंह ठाकुर, पुमेंद्र कुमार साहू, मेनका ठाकुर एवं सरपंच शशिकांत साहू उपस्थित रहे। न्योता भोज अवसर पर सरपंच द्वारा श्री गुप्ता को धन्यवाद देते विद्यालय प्रबंधन समिति व आम लोगों से अपील की गई कि वे भी समय-समय पर न्योता भोज के लिए आगे आएं।

### लॉटरी से 18 को आवास आबंटन

**राजनांदगांव**। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस के अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास की लागत मूल्य पर वर्षों से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है। उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास योजनांतर्गत मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुंदर सुविधायुक्त 1340 बहुमंजिला आवास लखोली, पेंड्री, मोहारा, रेवाड़ीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है एवं 590 आवास विभिन्न स्तरों पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 191 पात्र आवेदकों को आवास का आबंटन किया गया। परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर 18 सितंबर को दोपहर 3.30 बजे निगम सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किए जाएंगे।

### 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान 12 तक

**राजनांदगांव**। भारत सरकार द्वारा संकल्प एचईडब्ल्यू अंतर्गत महिला केन्द्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 2 से 12 सितम्बर तक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन हो रहा है। अभियान के तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना राजनांदगांव शहरी अंतर्गत आने वाले चिखली सेक्टर के शासकीय प्रादेशिक मुद्रालय आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं का पीसीपीएनडीटी एक्ट (गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व लिंग निर्धारण) के बारे में बताया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाईन 181 सहित अन्य विषयों के संबंध में जानकारी दी गई।

### निधन



#### संतोष कुमार ठाकुर

**राजनांदगांव**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धामनसरा के विज्ञान सहायक शिक्षक संतोष ठाकुर लगभग 45 वर्ष का अल्पायु में निधन हो गया है। उनके अंतिम संस्कार में जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद सदस्य रोहित चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव, पूर्व सरपंच बेलटिकरी भूषण निषाद, पूर्व सरपंच धामनसरा पुनूराम पटेल, लोकेश गंगवीर, सरपंच डोडिया दिल्लू साहू, सरपंच पीतांबर कतलाम, सरपंच प्रतिनिधि धामनसरा कृतलाल पटेल, सरपंच प्रतिनिधि बुचीभरदा राहुल साहू, प्राचार्य अजय मसीह, शिक्षकगण तथा क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सेवा पखवाड़े की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# कार्यकर्ता सेवा को बनाए प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा द्वारा भाजपा कार्यालय में सेवा पखवाड़े की जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी ने सेवा पखवाड़ा को लेकर रणनीति बनाई।

मुख्य वक्ता की आसंदी से यशवंत जैन ने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते कहा कि सेवा ही संगठन का मंत्र है, जो भाजपा की असली पहचान है। सेवा पखवाड़े के दौरान जिलेभर में स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण पोषण, जागरूकता अभियान और जन जागरण रैलियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्धजन सम्मेलन, लोकल फॉर वोकल को प्रोत्साहन देने के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 23 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर भी कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यशाला में स्वागत प्रतिवेदन सेवा पखवाड़े के जिला संयोजक सौरभ कोठारी ने देते कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को जनता की सेवा करने का अवसर मिला है। जिसमें सभी 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक सभी कार्यकर्ता सेवा के इस महायज्ञ में जुट जाएं।




#### विभिन्न कार्यक्रम होंगे आयोजित

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि हम बूथ स्तर पर सेवा के कार्यों को लेकर पहुंचेंगे और जनता के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

#### दिखावे के लिए न करें आयोजन

मुख्य वक्ता यशवंत जैन ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी आयोजन दिखावे के लिए न किया जाए, क्योंकि जनता समझदार होती है। कार्यशाला का संचालन महामंत्री रविंद्र वैष्णव और आभार प्रदर्शन हिरेंद्र साहू ने किया।

#### सभी भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे

इस अवसर पर वरुण भास्कर गुप्ता ने संघ के शताब्दी वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिसमें सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को शामिल होने का आह्वान भी किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, राजेंद्र गोलछा, विनोद खांडेकर किरण वैष्णव, गीता साहू, शशिकांत द्विवेदी, प्रकाश सांखला, शिव वर्मा, गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया, पूर्णिमा साहू, सहित सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## चाकू लहराते युवक पकड़ाया

**राजनांदगांव**। चाकू लहराकर आम लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की हे। आरोपी से चाकू बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति होटल राज इन डोंगरगढ़ चौक के पास धारदार चाकू लहराकर आम जनता को डरा-धमका रहा है।

#### मौके पर पकड़ा

सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर चाकू लहरा रहे आरोपी को रंगे हाथ पकड़कर आरोपी बलराम यादव 30 साल खुंटापारा के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स की कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

#### असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर

थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा लगातार आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों, बदमाशों, असामाजिक तत्वों, संदेहियों पर नजर रख रही है। यदि कोई थाना क्षेत्र में शांति भंग करता है या कोई अपराध घटित करता है तो उस पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## नवागांव हत्या मामले में फरार आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बजरंगपुर नवागांव इलाके में हुए हत्या के मामले में फरार एक आरोपी की पता तलाश कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इससे पूर्व 7 आरोपी सहित 2 विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई थी।

पुलिस के अनुसार 7 सितंबर को ग्राम बजरंगपुर नवागांव में घटित अपराध के फरार आरोपियों की पतासाजी हेतु थाना सिटी कोतवाली, ओपी चिखली एवं सायबर सेल के संयुक्त रूप से गठित टीम द्वारा लगातार पता तलाश की जा रही है ।

#### घेराबंदी कर पकड़ा

जिसके तहत 10 सितंबर को मामले में फरार एक आरोपी रितिक भट्ट 33 साल बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. 1 को गठित टीम द्वारा पता तलाश कर मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। न्यायालय के आदेश से जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

#### पूर्व में पकड़ाए नौ आरोपी

मामले में 7 आरोपी सहित 2 विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है, अन्य फरार आरोपियों की लगातार पता तलाश की जा रही है। फरार आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सतनाम भवन में आमसभा 14 को

**राजनांदगांव**। वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत करने सतनामी सेवा समिति की आमसभा का आयोजन 14 सितंबर को सतनाम भवन जीई रोड में रखा गया है।

जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष युवराज ढिडहेर की अध्यक्षता में बीते दिनों हुई बैठक में जिला के युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं उनके सदस्यों व पदाधिकारीगण की उपस्थिति में 1 वर्ष का आय-व्यय, हिसाब-किताब पर सब विस्तार से चर्चा हुई। जिसका निष्कर्ष सभी सदस्यों द्वारा निकाला गया कि आमसभा बुलाई जाए। जिला महामंत्री कमल कुमार लहरे ने बताया कि आगामी 14 सितंबर को दोपहर 12 बजे आमसभा रखा गया है। इस दौरान बिल वाउचर के साथ आमसभा के समक्ष जुलाई 2024 से जुलाई 2025 तक आए हुए लेखा-जोखा आमसभा के पटल पर रखा जाएगा। जिसमें आमसभा के हर एक व्यक्ति के समक्ष उसे देखकर व पढ़कर सुनाया जाएगा।

## 5 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**राजनांदगांव**। शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के तत्वाधान में पीएम उषा के तहत लिंग समावेशन और समानता पहल के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने कहा कि यह एक ऐसी कार्यशाला है, जो समग्र शिक्षा को बढ़ावा देती है। महिलाओं को वर्तमान में आत्मनिर्भर होना अत्यंत आवश्यक है। जिससे वह आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो सके।

तत्पश्चात कार्यशाला की मुख्य अतिथि गुरप्रीत कौर द्वारा महिला सशक्तिकरण संबंधी अनेक महत्वपूर्ण जानकारी छात्रों को दी गई। उन्होंने कहा कि जन्म के पहले से ही महिला सशक्तिकरण के बारे में आज सोचना पड़ रहा है। भ्रूण हत्या संबंधी अपराध अत्याधिक मात्रा में हो रहे हैं। बेटियों को आज भी बेटों के समान अधिकार नहीं दिया जाता, परस्पर भेदभाव किया जाता है। दोनों को समान अधिकार व समान पालन-पोषण मिलना चाहिए और दोनों के विकास के साथ-साथ उनके संरक्षण



पर भी बल देनी चाहिए। मुख्य वक्ता किशोर माहेश्वरी ने जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अनेक महत्वपूर्ण जानकारी छात्राओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि आज हर महिला को आत्मनिर्भर होना चाहिए, इसके लिए उनमें अनेक प्रकार के कौशल गुणों का विकास आवश्यक माना है। उन्होंने कहा कि हमें एक-दूसरे का सम्मान करना, उनके प्रति समान व्यवहार करना जिससे लैंगिक रूढ़ियों और पूर्वाग्रहों को चुनौती मिलती है और एक निष्पक्ष एवं समान समाज का निर्माण होता है। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन और छात्राओं के स्वल्पाहार के पश्चात कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की गई।

## छग सिंधु महापंचायत में पदाधिकारियों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय संस्कृति और सभ्यता को विश्व में गुंजायमान करने सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आज तक के इतिहास को समेटे हुए सिंधी समाज आज देश के साथ-साथ प्रदेश में भी अपनी मजबूत स्थिति में स्थापित हो चुका है, इसलिए समय की मांग को देखते छत्तीसगढ़ की सभी पंचायत को जोड़ते छत्तीसगढ़ महा सिंधु पंचायत की परिकल्पना को साकार करते रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष अमर गीदवानि ने 6 सितंबर शाम को प्रदेश समिति की बैठक आहूत की गई।

जिसमें चेयरमैन चेतन थारवानी, वाइस चेयरमैन वासुदेव जोतवानि, विनोद तलरेजा, महेंद्र आहूजा, अशोक मलानी, कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद वाधवानि, किशोर आहूजा,



राजेश वासवानि, इंदर डोडवानि, महामंत्री राधाकिशन सुन्दरानी, कोषाध्यक्ष रवि ग्वालानी, महिला विंग अध्यक्ष भावना कुकरेजा, युवा विंग अध्यक्ष महेश आहूजा नियुक्त किए गए। महापंचायत के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में संरक्षक मंडल का भी विधिवत गठन किया। जिसमें श्रीचंद सुंदरानी, सतीश थारानी, रूपचंद भीमनानी राजनांदगांव, सुंदरदास जादवानि, जीवतराम तोलवानि, मोहनलाल तेजवानि, लद्दाराम नैनवानि, सम्मन लाल खूबचंदानी तिल्दा, खेमचंद मध्यानी दुर्ग, राम गिडलानी टिल्डा, मुरलीधर माखिजा कोरबा, राजा देवनानी कांकेर सहित 12 सदस्यीय संरक्षक मंडल का गठन किया गया।

वाइस चेयरमैन बने चंदर विधानी, संजय रहेजा, लक्ष्मण जगवानि एवं शिव ग्वालानी को सलाहकार कानून एवं साहित्य के पद पर नियुक्त किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सिंधी समाज की बेहतरी और एकता के लिए कार्य करने प्रदेश के हर जिले में छत्तीसगढ़ सिंधु महापंचायत की इकाई गठन का प्रस्ताव पारित किया गया। सिंधी समाज के वरिष्ठ रूपचंद भीमनानी, भीमन धनवानि, गुरमुखदास वाधवा ने छत्तीसगढ़ सिंधु महापंचायत के अध्यक्ष और सभी वरिष्ठजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पिकअप वाहन से दो मवेशी बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**राजनांदगांव**। रात के समय चोरी-छिपे पिकअप में दो मवेशियों को भरकर तिरपाल में ढंककर जंगल रास्ते से कत्लखाना ले जाया जा रहा था, जिसे पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 9 सितंबर को रात्रि में थाना बागनदी पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक सफेद कलर के बोलेरो पिकअप वाहन में अवैध रूप से कृषि योग्य मवेशी को भरकर ग्राम कोठीटोला जंगल रास्ता तरफ से कत्लखाना नागपुर महाराष्ट्र की ओर ले जा रहा है।



#### भागने के प्रयास में था चालक

जिस पर थाना प्रभारी बागनदी निरीक्षक विजय मिश्रा के नेतृत्व में बागनदी पुलिस द्वारा कैम्प कोठीटोला के सामने रोड पर चेकिंग के दौरान सफेद रंग के बोलेरो पिकअप वाहन को रोकने पर चालक द्वारा तेजी से भगाने का प्रयास किया गया, जिसे स्टापर लगाकर मार्ग अवरूद्ध कर घेराबंदी कर पकड़ा गया।

#### दो भैसा बरामद

वाहन के पीछे तरफ चेक करने पर उसके अंदर 2 नग मवेशी (भैंसा) काला कलर को चारों तरफ से बंद कर उठने-बैठने के लिए जगह नहीं और चारा-पानी की व्यवस्था किए बिना मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर परिवहन करना पाया गया। आरोपी नेहरू दास मंडले 25 वर्ष साकिन सीतागोटा एवं कृष्णा बुधराम तुरकर 33 वर्ष साकिन कुलरभट्टी को कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त मवेशी को अपने साथी के साथ गेरूघाट जोब से भरकर कत्लखाना ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 नग मवेशी (भैंसा) कीमती करीबन 50,000 रुपए एवं एक सफेद कलर का बोलेरो पिकअप वाहन को जब्त किया। आरोपियों के विरूद्ध थाना बागनदी में धारा कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 4, 6, 10 पशुक्रूरता अधिनियम धारा 11, मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 कायम कर आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

**राजनांदगांव**। कान्फ्लूऐंस महाविद्यालय के स्टैंडर्ड क्लब के विद्यार्थियों ने सीमेंट कंपनी जामुल भिलाई में औद्योगिक भ्रमण एवं अवलोकन किया। इस अवलोकन कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को एसीसी सीमेंट इंडस्ट्रीज द्वारा सीमेंट बनाने की प्रक्रिया एवं इस्तेमाल होने वाले मशीनों की जानकारी दी गई। कंपनी की एचआर सुषमा ने छात्रों को बताया कि सीमेंट निर्माण के लिए कच्चा माल चुना पत्थर पास के हिर्री माइंस से आता है एवं सीमेंट बनाने की प्रक्रिया में जपानी 5-एस तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। जिससे प्रतिदिन 8 घंटे के दौरान 4000 सीमेंट बोरियों का प्रोडक्शन किया जा रहा है। इस तकनीक से हमें सीमेंट की प्रोडक्शन बढ़ाने में सहायता मिलती है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण छात्रों के व्यवसायिक विकास में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। औद्योगिक भ्रमण करने से छात्रों में उद्योगों के प्रति समझ एवं सूझबूझ विकसित होती है। साथ ही इससे उन्हें एक बेहतर उद्यमी के रूप में प्रशिक्षित भी किया जा सकता है। इस औद्योगिक भ्रमण में मुख्य आयोजक एनएसएस अधिकारी विजय मानिकपुरी, सहा. प्रा. धनंजय साहू, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष देविका देवांगन, अभिषेक वैष्णव, आदर्श उजवने, प्रिया गीते एवं काजल साहू समेत 36 छात्रगण शामिल रहे।

## रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डड़सेना सिन्हा समाज जिला राजनांदगांव के सोशल मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने अपनी बेटी टिया सिन्हा के



जन्मदिन पर एक अनूठी पहल की। उन्होंने प्रथम बार रक्तदान कर समाज को संदेश दिया कि रक्तदान करना सबसे बड़ा मानव धर्म है। जितेंद्र ने बताया कि रक्तदान करने से उन्हें आत्मिक संतोष मिला और यह जीवन बचाने का सबसे पवित्र कार्य है। इस अवसर पर हेमंत सिन्हा और नेहरू सिन्हा उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छठवीं राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 11 से 14 सितंबर तक अग्रसेन भवन सेक्टर-6 भिलाई में होगा। इस महोत्सव में देश के 32 राज्यों से 900 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आयोजन समिति का कहना है कि इसका मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ की जनता को योग के प्रति जागरूक करना और योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल विधा के रूप में स्थापित करना है।



उद्घाटन समारोह 11 सितंबर सुबह 11 बजे होगा। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, अध्यक्षता सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे, विधायक रिकेश सेन, डॉ. जयदीप आर्य (हरियाणा योग आयोग अध्यक्ष), दुर्ग महापौर अलका बाघमार, धमतरी महापौर जगदीश रामूरोहरा, समाजसेवी एवं उद्योगपति विजय गुप्ता सहित कई गणमान्यजन शामिल होंगे। प्रतियोगिता का मूल्यांकन आईआईटी मद्रास द्वारा विकसित विशेष सॉफ्टवेयर पर आधारित होगा। निर्णायक प्रतिभागियों की सूक्ष्म गतिविधियां, शारीरिक संतुलन, संयम और एकाग्रता देख पाएंगे। महिला व पुरूष वर्ग में दो आयु समूह (18–28 व 29–35 वर्ष) में मुकाबले होंगे। कुल 12 इवेंट्स में 80 विशेषज्ञ निर्णायक शामिल रहेंगे।

#### समापन 14 को

समापन समारोह 14 सितंबर को दोपहर 2 बजे होगा। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, अध्यक्षता सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडे, विधायक ललित चंद्राकर, योगासन भारत के अध्यक्ष उदित सेठ, उद्योगपति बहादुर अली, समाजसेवी बंसी अग्रवाल आदि होंगे। एसोसिएशन अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती ने बताया कि आने वाले एशियाई खेल (जापान) में योग शामिल होगा। 2036 ओलंपिक में भी योग के शामिल होने की संभावना है। हाल ही में 38वें राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ ने योग में 2 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।



## खबर संक्षेप

### बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने साइकिल वितरण कार्यक्रम में विधायक भावना बोहरा हुई शामिल



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंझेटा में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने शासन की योजना अंतर्गत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र की पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुई। कार्यक्रम के दौरान एक भावनात्मक पल उस समय देखने को मिला जब विधायक बोहरा ने अपनी सहजता का परिचय देते हुए छात्राओं के बीच जमीन पर बैठकर उनके साथ तस्वीर खिंचवाई। इस दौरान बालिकाओं के चेहरे पर विशेष उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी। छात्राओं ने अपने बीच जनप्रतिनिधि को पाकर आत्मीयता और सम्मान का अनुभव किया। उन्होने बालिकाओं से आत्मविश्वास के साथ शिक्षा प्राप्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि पढ़ाई ही जीवन में नए अवसरों के द्वार खोलती है। उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई में एकाग्रता बनाए रखने, नियमित अभ्यास करने और समय प्रबंधन की महत्ता समझाते हुए उपयोगी सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाएं तभी सार्थक होंगी जब छात्र-छात्राएं उनका पूरा लाभ लेकर शिक्षा के माध्यम से अपनी और समाज की दिशा बदलेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### 22 वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शुभम ने जीता रजत पदक

**हरिभूमि कवर्धा।** खेलों का जीवन में महत्वपूर्ण योगदान रहता है इसी कड़ी में क्षेत्र के श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा के छात्र-छात्राएं विभिन्न खेलो में आगे रहते है, बताया जाता है कि 05 से 07 सितम्बर तक बिलासपुर में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में रनिंग जंपिंग एवं थ्रोइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र शुभम यादव ने रिले रेस जैसी प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए अपना स्थान सुनिश्चित किया, जिसके लिए उसे रजत पदक से सम्मानित किया गया। छात्र शुभम यादव के इस सफलता पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आदित्य चंद्रवंशी, प्राचार्या एम शारदा, शिक्षक समिति विद्यालय के शैक्षिक एवं अशैक्षिक स्टॉफ तथा क्रीड़ा विभाग के सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



### हाई स्कूल राम्हेपुर में शिक्षक दिवस मनाया गया



**हरिभूमि बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमें बताया गया कि डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था इनके पिता वीरास्वामी व माता का नाम सीतम्या था, वे भारत के राष्ट्रपति व प्रथम उपराष्ट्रपति रहे। उन्होने जीवन भर शिक्षकीय कार्य से जुड़ा रहा। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 137 वीं वर्षगांठ पर सभी छात्र-छात्राओं द्वारा अपने गुरुजनों का स्वागत आरती उतारकर, फूल माला व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात छात्रा रेशमी, आरती, गीता, ललता, पुष्पराज व बच्चों द्वारा शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किया गया और गुरु के महत्व का वर्णन किया गया। गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाव। बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। इस दोहे से स्पष्ट है की गुरु का स्थान भगवान से भी बढ़कर है। समाज में गुरु शिष्य परंपरा से सम्बन्धित बाते बताई गई। विद्यार्थियों द्वारा सप्रेम भेंट स्वरूप उपहार भी दिया गया।

### चिमरा में रजत जयंती, राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह व अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस कार्यक्रम आयोजित




**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय विद्यालय चिमरा में छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष पर 28 से 31 अगस्त रजत जयंती सप्ताह एवं 1 से 8 सितंबर राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के अंतर्गत घोषित समय सारणी के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रमुख कार्यक्रम पुस्तक वाचन, बाल संसद, विविध प्रतियोगिताएं और एलु मनी मीटिंग, शिक्षक दिवस और विविध प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें संचालन शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने किया। निर्धारित दिवसों में शिक्षिका नीलिमा तिवारी और दिलीप नागवंशी ने किया। राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के आयोजन में पृथक रहे, असक्षरों की सर्वे एवं स्वयं सेवी शिक्षकों को जन-जागरूक करने विष्णु दत्त कौशिक ने सक्रियता पूर्ण योगदान दिया। ग्राम प्रभारी उषा मिश्रा एवं ज्योति खरे ने आगामी महा-परीक्षा अभियान हेतु कक्षा संचालन एवं शत-प्रतिशत साक्षरता लक्ष्य पूर्ण करने सफल प्रयास निरंतर जारी रखा। वहीं शिक्षिका सुनीता ठाकुर, मालती चंद्रवंशी, रत्ना शर्मा ने सप्ताह अंतर्गत विविध कौशलों के विकास में छात्र छात्राओं को पूर्व तैयार करने सराहनीय योगदान दिया।

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)**

**// सूचना का प्रकाशन //**

क्रमांक/7431 / प्रस्तुतकार/2025

कबीरधाम, दिनांक 03/09/2025

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक वर टोपसिंह बंजारे पिता अनेकचंद बंजारे 23 वर्ष मूल निवासी मूल निवासी ग्राम चारभाठा खुर्द वार्ड नं.-09 चारभाठा खुर्द पोष्ट पाण्डातराई, तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम एवं वधु भारती पटेल पिता दादू पटेल आयु 22 वर्ष मूल निवासी ग्राम लडुवा, पोष्ट पाण्डातराई, तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम दोनों के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अधीन अपने विवाह का आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अनुष्ठापिता आशयित विवाह के विरुद्ध आपत्ति/दावा करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 08.10.2025 के पूर्व या सूचना प्रकाशन की तिथि के एक मास कलैण्डर या तीस दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 03.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।


मुहर

जिला विवाह अधिकारी
कबीरधाम

### चरवाहे के बिना पशुओं को खुले में छोड़ना पूर्णतः प्रतिबंधित

# कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जारी किये आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले में सड़कों पर खुले में घूम रहे आवारा पशुओं से हो रही दुर्घटनाओं और जन-धन हानि को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में दर्ज प्रकरण के निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि अब जिले के सभी पशुपालकों को अपने गौवंशीय पशुओं का पंचायत स्तर पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। साथ ही पशुओं के जन्म, मृत्यु, खरीदी-बिक्री जैसी सूचनाएं 15 दिनों के भीतर संबंधित ग्राम पंचायत को देना अनिवार्य होगा। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिले के प्रत्येक पशु पर ईयर टैग लगाना आवश्यक होगा। टैग गुम हो जाने, टूटने या क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में 7 दिनों के भीतर नवीन टैग लगवाना होगा, अन्यथा पशुपालकों पर कार्यवाही की जाएगी।

इसके अतिरिक्त चरवाहे के बिना पशुओं को चारागाह के लिए छोड़ना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिले के सभी पशु बाजारों में भी ईयर टैग को अनिवार्य किया गया है। बिना पंजीयन एवं ईयर टैग वाले पशुओं की खरीदी-बिक्री अब संभव नहीं होगी। बाजारों में होने वाली पशुओं की लेन-देन की पूरी जानकारी पंचायत और पशु चिकित्सा विभाग को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। आदेश का तत्काल प्रभाव से पालन आवश्यक साथ ही साथ उल्लंघन पर दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित किया गया है।



#### पंजीकृत व ईयर टैग लगे पशुओं की ही खरीदी-बिक्री होगी

पशु बाजारों में केवल पंजीकृत और कान में टैग लगे पशुओं की ही खरीदी-बिक्री की जाएगी, यह एक नियम है जिसका उद्देश्य पशुओं की पहचान सुनिश्चित करना, अवैध परिवहन रोकना और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पशुपालकों तक पहुंचाना है। यह इयर टैगिंग पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण, बीमा और अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं का एक ऑनलाइन रिकॉर्ड प्रदान करती है।

#### नियमों की अवहेलना पर कठोर कार्रवाई की जाएगी

कलेक्टर श्री वर्मा ने आदेश में कहा है कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित पशुपालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 201, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 (1), पशु अतिचार अधिनियम 1871 तथा अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से पूरे कबीरधाम जिले में लागू हो गया है।



## ग्राम प्रभारी एलवीना विलसन अक्षर सम्मान से हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले के 46 स्वयं सेवी शिक्षक एवं ग्राम प्रभारी प्रधान पाठकों को अक्षर सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में पदस्थ प्रधान पाठिका एवं ग्राम प्रभारी श्रीमती एलवीना विलसन कलेक्टर गोपाल वर्मा के कर कमलों से अक्षर सम्मान से सम्मानित हुई। जिस पर ग्राम मक्के के रहवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उल्लेखनीय है कि श्रीमती एलवीना विलसन लगातार असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए प्रयासरत हैं। पिछली बार उन्होंने अपने गांव में घर-घर संपर्क करके असाक्षरों को साक्षरता केंद्र तक लाने के सफलता हासिल की थी। इस कार्य में सहयोग देने वाली आशा साहू एवं सुरुचि निषाद स्वयं सेवी शिक्षकों को भी कलेक्टर ने अक्षर सम्मान से सम्मानित किया। जिले में साक्षरता सप्ताह के समापन अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में अक्षर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जहां जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्री वर्मा ने साक्षरता महा अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने पर यह सम्मान दिया। उन्होंने सम्मान पाने वाले सभी शिक्षकों एवं स्वयंसेवी भी शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, जिला परियोजना अधिकारी देवराज सिंह, जिला नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव, विकासखंड परियोजना अधिकारी शत्रुहन प्रसाद डड़सेना, एबीओ अजय चंद्रवंशी सहित सम्मान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी गण एवं ब्लॉक तथा जिले के कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने किया।

## पीजी कॉलेज में रजत जयंती समारोह पर भव्य रैली निकाली गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पीजी कॉलेज कवर्धा में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह के अंतर्गत रजत जयंती तक का सफल आयोजन किया गया, जिसमें एक भव्य रैली निकाली गई। यह रैली पीजी कॉलेज से प्रारंभ होकर करपात्री स्कूल, रानी दुर्गावती चौक, कलेक्ट्रेट चौक, जिला पंचायत चौक होते हुए महाविद्यालय परिषर में वापस हुई। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस और राष्ट्रीय कैडेट कोर एनएसएस के छात्राओं के साथ-साथ कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष के सफर को दर्शाना था। छात्राओं ने विभिन्न पोस्टर, बैनर, नारे और कविताओं के माध्यम से राज्य की उपलब्धियों और योजनाओं, संस्कृति को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का श्री गणेश महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर की। सभी स्टाफ द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी का पूजा वंदना किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे, डॉ राकेश चंदेल, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट भानुप्रताप सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली में व्याख्याता नरेंद्र कुमार कुलमित्र, आकांक्षा वर्मा, केके देवांगन, पुष्पलता कोर्राम, किरण कोठारी, आशीष पांडेय, स्वेच्छा परिहार, ओएन कुर्रे का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, एनएसएस वाउंटियर्स, एनसीसी कैडेट उपस्थित थे। इस आयोजन ने छात्राओं में राज्य के प्रति जागरूकता और गौरव की भावना को बढ़ावा दिया।

## सरकारी योजना के लाभ से वंचित हो रहे ग्रामीण रहवासी

- क्षेत्र में लाखों रूपए की लागत राशि से विशाल पानी टंकी बनकर तैयार, पानी टंकी अनुपयोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शासन प्रशासन द्वारा गांव गांव में लाखों रूपए की लागत राशि खर्चकर विशाल पानी टंकी का निर्माण कार्य करवाया गया ताकि ग्रामीणों को नल जल योजना अंतर्गत घरों-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकें। लेकिन क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंघनपुरी के आश्रित ग्राम गांगचुवा में स्थिति विपरित दिखाई दे रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि लाखों रूपए की लागत राशि खर्च करने के बाद भी विशाल पानी टंकी अनुपयोगी साबित हो रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार



जल जीवन मिशन अंतर्गत विशाल पानी टंकी निर्माण कार्य किया गया लेकिन अभी तक हितग्राहियों के घर तक नल कनेक्शन से शुद्ध पेयजल उपलब्ध नही हो पा रही है। जिसमें जिम्मेदार ठेकेदार की भारी अनदेखी व घोर लापरवाही का खामियाजा ग्रामीण रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं ग्रामवासियों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्राम गांगचुवा के ग्रामीण शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना नल जल मिशन योजना लाभ से वंचित नजर आ रहे है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द पानी टंकी को सुचारू रूप से चालू करने की मांग की गई ताकि हितग्राहियों को घरों घर मीठा व शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकें।

### देशव्यापी साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** राज्य स्थापना के 25वें वर्ष में छत्तीसगढ़ में 1 से 7 सितम्बर तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन रजत महोत्सव के रूप में किया जा रहा है। इस सप्ताह के अंतर्गत प्रदेशभर में साक्षरता और जन-जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड पंडरिया में ग्राम पंचायत पेंड्रीकला के नोडल प्रभारी विष्णु प्रसाद चंद्राकर व ग्राम प्रभारी बैजनाथ चंद्राकर एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय स्वयंसेवी शिक्षकों ने मिलकर इस आयोजन के प्रत्येक दिन के निर्धारित गतिविधि द्वारा अपने पंचायत ग्राम पेंड्रीकला एवं आसपास के ग्रामों के स्थानीय निवासियों को साक्षरता के प्रति जन जागरूक किया गया। जिसमें 1 सितम्बर को पंजीयन अभियान उल्लास, मोबाइल ऐप पर नवसाक्षरों और स्वयंसवेक शिक्षकों का पंजीयन अभियान चलाया जाएगा। जिस पर सभी विद्यालयों में विशेष जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई, 2 सितम्बर को ग्राम पंचायत के शासकीय प्राथमिक शाला पेंड्रीकला में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें डिजिटल साक्षरता, नवाचार शिक्षण विधियां और कौशल विकास पर चर्चा की गई, 3 सितम्बर को ग्राम में साक्षरता संवाद आयोजित किए गए। किसानो, महिलाओं, युवाओं और स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी व जानकारी दी गई, 4 सितम्बर को रैली और सांस्कृतिक गतिविधियां साक्षरता रैली, प्रभात फेरी और प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को साक्षरता का संदेश दिया गया व 6 सितम्बर रचनात्मक प्रतियोगिताएं जिसमें वाद-विवाद, चित्रकला, लोकनृत्य, निबंध लेखन, मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित किए तथा 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस सप्ताह का समापन अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर रहा। इसमें नवसाक्षरो एवं वीटीएस को सम्मान, जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई।

### निधन

#### वनमाला देवी



**हरिभूमि पंडरिया।** विकासखण्ड पंडरिया निवासी श्रीमती वनमाला देवी पति स्व डॉ नित्यानंद शर्मा आयु 93 वर्ष का निधन सोमवार को चंडीगढ़ में हो गया है। वहीं स्व. श्रीमती वनमाला देवी का अंतिम संस्कार बुधवार को चंडीगढ़ में किया गया। जिसमें पुत्र जितेंद्र शर्मा द्वारा अंतिम संस्कार किया गया, वह वर्तमान में कई वर्षो से अपने भतीजे-भतीजी के साथ चंडीगढ़ में रहती थी। उनके निधन से परिजनों में भारी शोक व्याप्त है।

## आरपीएस स्कूल में अग्नि सुरक्षा बचाव संबंधी परीक्षण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मंगलवार को श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में अग्निशमन आपातकालीन सेवाएं नगर सेना के तत्वाधान में अग्नि सुरक्षा आधारित मॉक ड्रिल जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सर्वप्रथम फायर सेफ्टी के विभिन्न गुर बताए गए। तत्पश्चात अग्निशामक यंत्र के प्रयोग किस प्रकार किया जाए, खाना बनाने के घरेलू गैस में आग लग जाने पर किस प्रकार उसका समाधान किया जाए, तद्उपरांत कार्यक्रम का प्रायोगिक प्रदर्शन प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय के वाहन चालकों एवं बच्चों को किस प्रकार आग लगने पर अग्निशामक यंत्र का प्रयोग किया जाता है, बताया एवं सीखाया गया कि कार्बन डाईआक्साइड गैस किस तरह से आग बुझाने में कारगर होती है। इसके पश्चात खाना पकाने के घरेलू सिलेण्डर में यदि आग लग जाए तो किस प्रकार अग्निशामक यंत्र न होने की स्थिति में कंबल द्वारा लगे हुए आग पर काबू पाया जा सकता है साथ ही खाली बाल्टी द्वारा भी आग पर काबू करके दिखाया गया।

जिस पर बच्चे आश्चर्यचकित रह गए, कुछ बच्चों ने एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित कार्यरत कर्मचारियों ने इसे प्रयोग करके देखा। इस प्रकार के आयोजन हेतु विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख डॉ आदित्य चन्द्रवंशी एवं प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने नगर सेना की टीम को आभार प्रेषित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों सहित सभी के लिए

### संगीतमय कथा आयोजित होने से क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल

## श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

ग्राम पंचायत कुण्डा निवासी पंच श्रीमती गायत्री पन्ना साहू के निज निवास में 11 सितंबर से संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ग्राम कुण्डा रामपुर-पारा निवासी पंच प्रतिनिधि पन्ना साहू, दिलीप साहू के पिता स्व. नारायण साहू स्मृति एवं पितर मिलन समारोह के पावन अवसर पर संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का 11 से 19 सितम्बर आयोजित किया जाएगा।

जिसमें कथा व्यास आचार्य नूतन शर्मा कुण्डा वाले एवं परायणकर्ता पं शुभम शर्मा लघान पंडरिया वाले द्वारा संगीतमय श्रीमद् भावगत महापुराण कथा रसपान आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनो को कराया जाएगा। जिसमें कथा प्रसंग 11 सितंबर को गौकर्ण महात्म एवं कलश यात्रा, 12 सितंबर को कथा प्रसंग हिरण्याक्ष वध, 13 सितंबर को भरत चरित्र, 14 सितंबर समुद्र मंथन, 15 सितंबर को श्री राम कथा जन्म उत्सव, 16 सितंबर को बाल लीला 56 भोग रुखमणी मंगल विवाह, 17 सितंबर को सुदामा चरित्र व 18 सितंबर को भागवत चढ़ौत्री तथा 19 सितंबर को गीतापाठ पितृ सम्मेलन गीता दान तुलसी वर्षा तर्पण सहस्त्रधारा चिकट हवन कुटुंब भोज सम्पन्न होगी। जिसमें आसपास क्षेत्र के भक्तजनों को भारी संख्या में उपस्थित होकर कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ करने अपील की गई। वहीं परीक्षित श्रीमती उर्मिला दिलीप साहू विराजमान होंगे।

## चित्रकला प्रतियोगिता की गई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

मेरा युवा भारत कवर्धा के संयुक्त तत्वाधान में सौरभ कुमार निषाद जिला युवा अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महराजपुर में एक पेड़ मां के नाम के थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कस्तुरी द्वितीय स्थान विनिता पटेल, तृतीय स्थान पर यास्मिन रहीं। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रांगण में वृक्षा रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य सीएस चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जान जोखिम में डाल कर युवा व नाबालिग बाढ़ प्रभावित नदी से निकाल रहे रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

विकासखण्ड पंडरिया के कुकदुर क्षेत्र के ग्रामीण इन दिनो अपनी जान जोखिम में डालकर स्थानीय बाढ़ प्रभावित नदी से रेत निकालने का जोखिम मोल ले रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि इस जोखिम भरे और अवैध कृत्य में कई नाबालिग भी बिना रोकटोक रेत का खेल, खेल रहे हैं। वहीं शासन, प्रशासन तथा संबंधित विभाग बेपरवाह नजर आ रहा है। गौरतलब है कि इन दिनो जिले के विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल व पहाड़ी ईलाकों में प्रायः हर रोज बारिश हो रही है। जिसके कारण स्थानीय नदी नालों में बाढ़ के हालात निर्मित हो चुके हैं। लेकिन इस बाढ़ की स्थिति में यहां अवैध रेत खनन का कार्य बदस्तूर जारी है। बताया जाता है कि कुकदुर से होकर बहने वाली बाढ़ प्रभावित स्थानीय नदी से हर दिन बड़ी मात्रा में क्षेत्र के युवा और नाबालिग बच्चे डुबकी लगाकर रेत निकाल रहे हैं जो बेहद खतरनाक और जोखिम भरा कार्य है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते आगर नदी, हाफ नदी, कन्हैया नदी, किलकिला नदी, गिजरा नदी उफान में हैं। अंचल के पहाड़ी ईलाकों में होने वाली बारिश के चलते इन नदियों में अचानक बाढ़ आ जाती है। बावजूद इसके ग्राम कुई, कुकदूर, पुटपुटा, भाकुर, देवानपटपर, छिंदीडीह, नेउर, महिडबरा, घोघरा, बदना, उपका, ताईतिरनी, ढोलढोली, अमनिया, अमलीटोला, भंगीटोला, कामठी, कोदवागोदान, चियांदाड़, भैसा डबरा, भड़गा आदि स्थानो पर ग्रामीणों द्वारा खुलेआम अवैध ढंग से रेत निकाली जा रही हैं। जिस पर किसी प्रकार की कोई रोकटोक नहीं है।

### शासन, प्रशासन और संबंधित विभाग बेपरवाह



जानकारों के मुताबिक स्थानीय नदियों से की जा रही अवैध रेत खनन का कुछ क्षेत्र राजस्व विभाग के दायरे में आता है तो कुछ हिस्सा वन विभाग के दायरे में आता है लेकिन दोनो ही जिम्मेदार विभाग के अधिकारी कार्यवाही से गुरेज कर रहे हैं या यूं कहें की इन विभागों ने ग्रामीणों को अवैध रेत खनन की एक प्रकार से खुली छूट दे दी है। अब ऐसा क्यों किया गया है यह बताने की जरूरत नहीं है। जबकि नदियों से प्रतिदिन दर्जनों ट्रैक्टर ट्राली रेत का अवैध खनन किए जाने के कारण न सिर्फ नदी का स्वरूप बदल रहा है बल्कि पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है।

### पीएम आवास के चलते रेत की जबरदस्त मांग

यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों में प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति बड़ी संख्या में दी है। ऐसे में इन निवासों के निर्माण के लिए रेत की भारी मांग है। इस पूरे क्षेत्र में रेत की कोई वैध खदान नहीं होने के कारण कुछ लोगों ने रेत की इस भारी मांग के बीच अवैध रेत खनन को अपनी आय का जरिया बना लिया है। वहीं कुछ हितग्राही स्वयं ही अपने निवास के लिए रेत का अवैध खनन कर रहे हैं। कुछ लोग नदी से रेत निकालकर अपने खेत, खलिहान में डंप कर रख रहे हैं और मांग के अनुसार उसे बेंचकर जमकर कमाई कर रहे हैं।

**कार्यवाई : दस्तावेज नहीं होने पर सहसपुर लोहारा पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई**

# चेकिंग के दौरान पुलिस ने जब्त की 223 किलो अवैध चांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले की स. लोहारा पुलिस ने मोबाइल चेकिंग पाइंट के दौरान संदेह के आधार पर रोकी गई एक वैगनआर कार से 222.784 किलो चांदी के आभूषण जब्त किए हैं जिसका बाजार मूल्य करीब ढाई करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। हालांकि इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी किए जाने की जानकारी पुलिस प्रशासन से नहीं मिली है।

इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार गत 9 सितम्बर को स. लोहारा थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा की अगुवाई में पुलिस टीम ने कवर्धा मार्ग पर एमसीपी लगाया था। इसी दौरान संदेह के आधार पर सफेद रंग की वैगनआर कार क्रमांक सीजी 07 बीटी 9271 को रोका गया। वाहन में चंदन जैन निवासी दुर्ग, संचालक जेके ज्वैलर गांधी चौक, दुर्ग तथा उसके साथी अमित दास मानिकपुरी निवासी दुर्ग सवार थे। पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर वाहन सवारों से पूछताछ की और वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस टीम ने जैसे ही कार की डिक्की खोली पुलिस के होश उड़ गए। पीछे सीट और डिक्की में 17 बैग, 2 थैले और 1 प्लास्टिक झिल्ली बरामद की गई। इनमें भारी मात्रा में चांदी के आभूषण पायल, अंगूठी, ब्रेसलेट, चैन, बिछिया, चूड़ा, कड़ा, चूड़ी एवं चांदी की सिल्ली भरी थी। पुलिस ने वाहन सवारों से इस चांदी से की खरीदी-बिक्री से संबंधित दस्तावेजों की मांग की लेकिन आरोपी कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। जिसके बाद पुलिस ने जब्त आभूषणों का वजन थाना परिसर में कराया जो 222.784 किलो निकला। जिसकी अनुमानित कीमत 2,56,20,160 रूपए आंकी गई है। वहीं पुलिस ने चांदी तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जप्त कर लिया जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3 लाख आंकी गई है।

### पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मामला



बताया जाता है कि आरोपी चंदन जैन निवासी दुर्ग, संचालक जेके ज्वैलर, गांधी चौक, दुर्ग तथा उसके साथी अमित दास मानिकपुरी निवासी दुर्ग द्वारा चांदी और चांदी से निर्मित आभूषणों की खरीदी-बिक्री से संबंधित दस्तावेज मौके पर पेश करने में नाकाम रहने पर पुलिस ने धारा 106 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए वाहन और आभूषणों को गवाहों की मौजूदगी में जप्त कर सीलबंद किया। बरामदगी की सूचना आयकर विभाग रायपुर एवं जीएसटी विभाग को भेजी जा रही है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कबीरधाम जिले में किसी भी प्रकार का अवैध कारोबार, संदिग्ध लेन-देन या कर चोरी से जुड़ी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। पुलिस पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई करेगी और दोषियों को कानून के दायरे में लाएगी।

# सड़क दुर्घटना में फिर गई आठ गौवंश की जान

## अज्ञात वाहन चालक ने मवेशियों के झुंड को रौंदा

- ग्रामीणों व बजरंगियों ने जताई नाराजगी व आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिला मुख्यालय कवर्धा से लेकर जिले से गुजरने वाली सड़कों में सैकड़ों की संख्या में घूम रही लावारिश गौवंश का झुंड एक बार फिर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया है। बताया जाता है कि कवर्धा से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 रायपुर-जबलपुर मार्ग में बुधवार की सुबह ग्राम दुल्लापुर के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने गौवंश के झुंड को रौंद दिया। इस दुर्घटना के बाद मार्ग में आठ गौवंश की लाशें बिछ गई और सड़क उनके खून से लाल हो गई। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और बजरंगदल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और उन्होने इस हादसे पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। बाद में ग्रामीणों व बजरंग दल ने मृतक गौवंश का अंतिम संस्कार भी किया। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिला मुख्यालय कवर्धा सहित जिले भर में सैकड़ों की संख्या में लावारिश मवेशियों की सुरक्षा हांसिए पर है जिसके चलते आए दिन इस तरह की सड़क दुर्घटनाएं सामने आ रही है। लोगों ने इस तरह की दुर्घटनाओं की रोकथाम और गौवंश की सुरक्षा की दिशा में कारगर कदम उठाए जाने की मांग की है।

### जल सत्याग्रह...



कवर्धा। दस सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने कवर्धा में किया जलसत्याग्रह।

# मुख्यमंत्री साय ने किया गुरुकुल के विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल का चयन छत्तीसगढ़ के विशिष्ट 80 आवासीय विद्यालयों में से एक उत्कृष्ट आवासीय विद्यालय के रूप में किया गया है। जो जिले के लिए गर्व की बात है। यहां बालक छात्रावास एवं बालिका छात्रावास है जो कि सर्वसुविधा सम्पन्न हैं। इसमें छत्तीसगढ़ के सुदुर वनांचलों से ही नहीं बल्कि भारत के अन्य राज्यों से विद्यार्थिगण रहकर कुशल शिक्षकों से ज्ञानार्जन करते हैं। इन विद्यार्थियों को अकादमिक शिक्षण के अलावा शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी पारंगत किया जाता है। ये विद्यार्थी राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी के रूप में अपनी उत्कृष्टता प्रदर्शित कर जिले एवं राज्य का नाम रौशन करते रहें है। छत्तीसगढ़ सरकार इनके अध्ययन की सुविधा के लिये समयानुसार अनेक योजनाएं लाती रहती हैं। इन्हीं में एक प्रमुख योजना है अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना जो छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों हेतु है। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व श्रममंत्री छत्तीसगढ़ शासन के कर कमलों द्वारा मुख्यमंत्री निवास रायपुर में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आवासीय अध्येता विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ये विद्यार्थी निर्माण श्रमिकों के बच्चे हैं। जिनमें इस सत्र के लिए कक्षा छठवीं के 6 छात्राएं एवं 01 छात्र है। संस्था के अध्यक्ष अन्य पदाधिकारीगण तथा प्राचार्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा अवासीय विद्यालय सदैव ही विभिन्न तबके के प्रतिभा सम्पन्न विद्यार्थियों को शासकीय योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है।

### छुहिनाला में आंगनबाड़ी भवन का किया गया भूमिपूजन



बोड़ला। जनपद पंचायत बोड़ला के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरभट्टी के आश्रित ग्राम छूहिनाला में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसका बुधवार को विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित कर भवन निर्माण की नींव रखी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति राजकुमार मेरावी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि श्याम मेश्राम, मंडल उपाध्यक्ष टेक राम चंद्रवंशी, सरपंच सुकलाल मेरावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। अतिथियों ने विधिविधान पूर्वक नारियल तोड़कर भूमिपूजन किया और निर्माण कार्य की शुरुआत का शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी भवन बनने से बच्चों को सुरक्षित व बेहतर माहौल उपलब्ध होगा। अब बच्चों को पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं व्यवस्थित रूप से मिल पाएंगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने ग्रामवासियों को बधाई दी और कहा कि शासन की योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण बच्चों के उज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

### कृषि स्नातक संघ अपनी मांगों को लेकर करेगा आंदोलन



कवर्धा। छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला कबीरधाम ने अपनी 9 सूत्रीय मांगो को लेकर आंदोलन करने का ऐलान किया है। जिसके तहत संघ द्वारा गत 08 से 09 सितम्बर तक काली पट्टी लगाकर कार्य किया गया। वहीं आंदोलन के अगले चरण में संघ 15 सितम्बर को जिले के तहसील एवं जिला स्तर में रैली निकालकर तहसीलदार, एसडीएम एवं कलेक्टर के माध्यम से कृषि मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपने का कार्य करेंगे। साथ ही बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाईन कार्य का बहिष्कार किया जायेगा। इसी प्रकार 23 सितम्बर को जिला मुख्यालय कवर्धा में एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन किया जाऐगा एवं रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपने का कार्य किया जाएगा।

**कार्यशाला में शामिल होने पहुंचे प्रदेश प्रभारी अवधेश चंदेल, कार्यकर्ताओं को किया संबोधित**

# सेवा पखवाड़ा : जिला भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



भाजपा जिला कार्यालय कवर्धा में सेवा पखवाड़ा को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिले भर से कार्यकर्ता, पदाधिकारी और वरिष्ठ नेता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदेश से आए प्रभारी पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति नहीं करती, बल्कि समाज को सेवा और समर्पण से जोड़ने का कार्य करती है। सेवा ही संगठन का मंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है, और हमें इसे गांव-गांव तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, इसलिए हर कार्यकर्ता को जनता की सेवा को ही प्राथमिकता बनाना चाहिए। जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं है, बल्कि समाज की कमजोर कड़ी तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति और युवाओं को सेवा कार्यों में आगे आना चाहिए। स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान और पोषण जागरूकता जैसे कार्यक्रमों के जरिए हम जनहित को मजबूत कर सकते हैं। पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से प्रारंभ हुआ यह सेवा पखवाड़ा पूरे देश में सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि कवर्धा जिला संस्कारों और सेवा भावना के लिए जाना जाता है, इसलिए यहां के कार्यकर्ताओं को और भी अधिक जिम्मेदारी लेकर काम करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस अभियान को उत्सव की तरह मनाएँ और हर गांव तक सेवा का संदेश पहुंचाएं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक जसविंदर बग्गा ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता सेवा और अनुशासन से प्रेरित होता है। संगठन व्यक्ति से बड़ा और राष्ट्र संगठन से भी बड़ा है। उन्होंने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सांसदों के साथ सबसे पीछे की पंक्ति में बैठे। यह दर्शाता है कि भाजपा में पद से बड़ा संगठन है और हर कार्यकर्ता समान है। श्री बग्गा ने कहा कि यही विनम्रता और सेवा भाव भाजपा को अन्य दलों से अलग बनाते हैं। बैठक का समापन एवं आभार जिला महामंत्री संतोष पटेल ने किया। बैठक में पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, ईश्वरी साहू, रामकुमार भट्ट, अनिल ठाकुर,विदेशी धुर्वे, क्रांति गुप्ता, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सुषमा बघेल, संतोष मिश्रा, विजय पाटिल, जिला टोली सदस्य कल्याण ठाकुर, परेटन वर्मा, विकाश पाण्डेय सहित सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवघटा में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶स. लोहारा

विकासखंड स. लोहारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवघटा में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि व संस्था प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का पूजा अर्चना कर की गई। तत्पश्चात शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा सभी अतिथियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का बैच और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त व्याख्याता सीआर वर्मा, बीआर साहू, प्रधान पाठक बीआर.निर्मलकर, एचएस. उइके इन सभी ने अपने शैक्षिक अनुभव व शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कैलाश मिश्रा एवं सदस्य धन्नू राम मेरावी ने भी सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षक द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर अच्छी शिक्षा ग्रहण कर बड़े होकर अच्छे इंसान बनने के लिए कहा।

संकुल समन्वयक अनिल कुमार बघेल एवं संस्था के प्राचार्य मोतीलाल देवांगन के द्वारा भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहां की शिक्षक समाज के रीड़ हैं और शिक्षकों का सदैव सम्मान करना चाहिए, शिक्षक हमेशा अपने विद्यार्थियों के सफलता की कामना करते हैं ग्राम पंचायत नवघटा की सरपंच श्रीमती रीना मेरावी एवं उपसरपंच तोरण दास रात्रे सरपंच प्रतिनिधि नंद कुमार मेरावी द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को पेन व श्रीफल देकर सम्मानित किया।